# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पचमढ़ी की ओस घास पर जमी हुई

# अब दिन में 'धूप'...पर रात अभी भी 'ठंडी'

## कल्याणपुर (शहडोल) में 2.7, उमरिया 3.9 राजगढ़-छतरपुर में 4.5 शिवपुरी 5 और रीवा में 5.8 डिग्री

*आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में घना कोहरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को प्रदेश भर में रात के तापमान में औसतन दो डिग्री तक की बढ़ोतरी रही, जबकि दिन का पारा इतना ही गिरा है। दिन का औसत तापमान 21 और रात का 9 डिग्री तक रहा है। इससे रात में सर्दी का असर बढ़ा है। सबसे अधिक रात के तापमान में बढ़त भोपाल में 4.6 डिग्री की रही। पारा 8.4 डिग्री रहा। दिन का तापमान 1.6 डिग्री बढ़कर 23.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। 6 जिलों में रात का पारा 6 डिग्री से कम रहा। इनमें कल्याणपुर (शहडोल) 2.7, उमरिया 3.9, राजगढ़, छतरपुर 4.5, शिवपुरी 5 और रीवा 5.8 डिग्री पर दर्ज हुआ है। दिन में अब धूप निकल रही है पर रातें अभी भी ठंडी हैं।

### अहले दो दिन कोल्ड वेव से राहत

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले दो दिन भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में कड़ाके की सर्दी और कोल्ड वेव और अति घने कोहरे से राहत रहेगी। उत्तरी हिस्सों में अभी कोहरा, सर्दी का असर ज्यादा रहेगा। बुधवार को केवल शहडोल और उमरिया में कोल्ड वेव रही। गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर,पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में घना कोहरा रहेगा। शहडोल, उमरिया में कोल्ड वेव रहेगी। भोपाल में अभी पारा बढ़त के क्रम में रहेगा।

### राजधानी में दो दिन रही कड़ाके की सर्दी

भोपाल में एक से 7 जनवरी तक केवल दो दिन कड़ाके की सर्दी रही, जबकि शेष 5 दिनों का रात का औसत पारा 10 डिग्री के करीब रहा है। प्रदेश के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में सर्दी और कोहरे के साथ पाले का असर अधिक रहेगा। खजुराहो, नौगांव, छतरपुर, टीकमगढ़, शहडोल, राजगढ़, सीधी, पन्ना, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया आदि जिले शामिल हो सकते हैं। राजधानी में एक और दो जनवरी की रात शहर में न्यूनतम पारा 10.6 डिग्री तक रहा। अगले दिन दशमलव चार डिग्री बढ़कर 11 डिग्री हो गया। 4 जनवरी की रात 10.8 और 5 तारीख की रात अचानक 4 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम पारा 6.8 डिग्री पर आ गया।

## 'वीबी-जी रामजी' योजना को लेकर सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस के विरोध को बताया 'बोगस', कहा

# 125 दिन रोजगार की गारंटी... काम नहीं तो फिर मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कांग्रेस को इस योजना का विरोध की बजाए तथ्यात्मक बात करनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना में प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को न्यूनतम 125 दिन रोजगार या आजीविका का अवसर वैधानिक अधिकार है। महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों, खानाबदोस, महिला मुखिया परिवार, दिव्यांग मुखिया परिवार, छोटे व सीमांत किसानों के लिए भी रोजगार का प्रावधान किया गया है। अकुशल शारीरिक कार्यों की मजदूरी दरें केंद्र सरकार तय करेगी। यदि किसी ग्रामीण परिवार को मांग प्रस्तुत करने के पश्चात निर्धारित समय-सीमा में रोजगार नहीं मिलता तो निर्धारित दरों एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना।

सीएम ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कांग्रेस को इस योजना का विरोध की बजाए तथ्यात्मक बात करनी चाहिए

**मनरेगा में मिलता था सिर्फ 100 दिन का काम**





पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव (बाएं से तीसरे)

*वीबी-जी रामजी योजना से कृषि आधारित उद्योगों को मिलेगा नया विस्तार*

*15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना से खेती बनेगी रोजगार और उद्योग का सशक्त माध्यम*

*केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी*

### कांग्रेस शासनकाल में मिलते थे 35 हजार करोड़, अब बजट 95 हजार करोड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। नई योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वर्ष में कभी भी मजदूरी प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी। कई मामलों में पहले केंद्र सरकार ही निर्णय लेता था, लेकिन अब राज्य सरकारें भी गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास को ध्यान में रखकर कार्यों को शामिल कर सकते हैं।

### खंडेलवाल ने कहा-ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा यह एक ऐसी योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास में क्रांति लाएगी। कांग्रेस भ्रम फैलाकर ग्रामीणों को गमुराह कर रही है। नई योजना में ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार दिया गया है।

## आंबेडकर पोस्टर जलाने का मामला

# एडवोकेट अनिल मिश्रा को जमानत कोर्ट ने एक लाख का बांड भरवाया

*कोर्ट ने कहा-अवैध रूप से हिरासत में लिया गया*



अनिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर जलाने के विवाद में गिरफ्तार एडवोकेट अनिल मिश्रा को मप्र हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके और एक लाख रुपए की जमानत राशि पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया।

हाई कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि अनिल मिश्रा को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। एफआईआर दर्ज करने और उन्हें हिरासत में लेने की प्रक्रिया में कई गलतियां की गईं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस उन्हें नोटिस देकर भी छोड़ सकती थी। अनिल मिश्रा को 1 जनवरी की रात आंबेडकर पोस्टर जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ग्वालियर साइबर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें अनिल मिश्रा सहित कुल 8 लोगों को आरोपी बनाया गया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में इस मामले से जुड़े जुलूस निकालने और अन्य संबंधित गतिविधियों पर भी रोक लगाई है। एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर एक अलग कानूनी प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर जलाने और आपत्तिजनक नारेबाजी के मामले को लेकर ग्वालियर में 2 जनवरी को जबरदस्त विरोध देखने को मिला था।

## जयपुर से बेंगलुरु जा रही थी फ्लाइट

# बच्चे की फ्लाइट में बिगड़ी तबीयत इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जयपुर से बेंगलुरु जा रही एक फ्लाइट की इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। जयपुर से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही 1 साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसके बाद फ्लाइट की इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का प्राथमिक इलाज किया और उसे नजदीकी अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि 1 साल के बच्चे को फ्लाइट में सफर करने के दौरान सांस लेने में दिक्कत हुई थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ने मंगलवार की शाम 5.30 बजे जयपुर से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी थी। इस फ्लाइट को रात 8.10 पर बेंगलुरु पहुंचना था। उड़ान भरने के दौरान कुछ देर बाद ही फ्लाइट में मौजूद 1 साल के बच्चे की तबीयत खराब हो गई। परिजन ने तुरंत एयर होस्टेस को इसकी सूचना दी। इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि शाम 7.30 बजे के लगभग विमान पायलट ने इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से विमान की इमरजेंसी मेडिकल लैंडिंग की अनुमति मांगी।








## शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का दावा

# लोकसभा अध्यक्ष की जांच समिति कानून के 'खिलाफ'

*सरकारी आवास पर नोट मिलने का मामला*



यशवंत वर्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित जांच समिति को चुनौती दी। वर्मा का कहना है कि समिति का गठन असंवैधानिक और जज (जांच) अधिनियम के खिलाफ है। यह समिति उनके भ्रष्टाचार आरोपों की जांच के लिए बनाई गई थी। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि जज (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत यदि किसी जज के खिलाफ इम्पीचमेंट मोशन दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए हों, तो जांच समिति का गठन दोनों सदनों द्वारा संयुक्त रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्यसभा में मोशन खारिज कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी। रोहतगी ने इसे कानूनी रूप से 'नॉन-एस्ट' (अवैध) बताया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह सवाल उठाया कि क्या एक सदन में मोशन खारिज होने पर दूसरे सदन में कार्रवाई करना रोका जा सकता है।

### इन-हाउस जांच समिति ने दोषी पाया था

इसके पहले, मुख्य न्यायाधीश ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ एक इन-हाउस जांच समिति बनाई थी। समिति ने उन्हें दोषी पाया, लेकिन वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार किया। इसके बाद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बहु-पक्षीय मोशन स्वीकार किया और तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। न्यायमूर्ति वर्मा सुप्रीम कोर्ट में यह मांग कर रहे हैं कि लोकसभा अध्यक्ष की कार्रवाई मोशन की स्वीकृति और जांच समिति द्वारा जारी नोटिस को रद्द किया जाए, क्योंकि उनका कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया असंवैधानिक और जज (जांच) अधिनियम के खिलाफ है।

## इंडिगो के खिलाफ जांच के बीच सरकार का बड़ा फैसला

# एयर इंडिया और स्पाइसजेट समेत कंपनियों से मांगा किराए का ब्यौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो के खिलाफ चल रही जांच के बीच भारत सरकार ने इंडिगो, एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा से औसत किराए का डेटा देने को कहा है, क्योंकि एंटीट्रस्ट अथॉरिटी दिसंबर में हुई यात्रा रुकावटों की जांच कर रही हैं। इंडिगो में पायलटों की कमी के चलते पिछले महीने लगभग 4,500 उड़ानें रद्द हुई, जिससे हजारों यात्री फंस गए और देश भर में हवाई यात्रा बाधित हुई। इस संकट के दौरान कुछ एयरलाइंस के किराए में भारी बढ़ोतरी हुई, जिसके कारण सरकार को अस्थायी सीमाएं (किराए में लिमिट) लगानी पड़ीं। भारत के कॉम्पिटिशन रेगुलेटर, सीसीआई ने दिसंबर में कहा था कि वह इंडिगो के खिलाफ यह जांच कर रहा है कि क्या उसने अपनी मार्केट पोजीशन का गलत इस्तेमाल किया है। भारत के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को पत्र लिखकर 1-15 दिसंबर की अवधि में उनके द्वारा संचालित प्रत्येक रूट पर इकोनॉमी और प्रीमियम इकोनॉमी सीटों के औसत किराए के बारे में पूछा है। अकासा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि अन्य एयरलाइंस ने जवाब नहीं दिया। ये विवरण सीसीआई के अनुरोध पर मांगे गए हैं क्योंकि ये रुकावटों के दौरान एयरलाइंस के किराए के पैटर्न का आकलन करने में मदद कर सकते हैं। सरकारी ईमेल में एयरलाइंस से रुकावटों के दौरान प्रभावित रूटों पर किराए का डेटा भी देने को कहा गया है, ईमेल में कहा गया है।

### समस्या के दौरान किराए की थी बेतहाशा वृद्धि



# 2026 में भारत की जीडीपी 7.4% की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, भारत की जीडीपी 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। जबकि यह पिछले साल 6.5% थी। बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत से 0.9 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़त का मुख्य कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन है।

# बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने में 5 पुलिसकर्मी घायल, पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया। इस हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथरावमें 5पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान का काम तेजी से जारी है। प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई उपद्रवियों को हिरासत में भी लिया गया है।

**लोगों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ा**

उत्पातियों ने तुर्कमान गेट इलाके में की पत्थरबाजी

एमसीडी ने उच्च न्यायालय के निर्देशों पर की कार्रवाई

## दिल्ली में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर भड़की हिंसा



एमसीडी की कार्रवाई पर इस तरह लोगों ने किया उत्पात

### अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज

दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। एफआईआर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है।

### ड्रोन कैमरों से कर रहे जांच पड़ताल

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मधुर वर्मा ने कहा कि पत्थर फेंकने वालों को 2-3 मिनट में भगा दिया गया, 5लोगों को गिरफ्तार किया गया है।डीसीपी नितिन वलसन ने कहा कि रात में एमसीडी के कर्मचारी जेसीबी लेकर आए थे। 25-30 लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। हमने उन्हें पीछे हटाने के लिए बल का इस्तेमाल किया। हमने एफआईआर दर्ज कर ली है। हमने ड्रोन कैमरे भी लगाए थे, हम सभी कैमरों की जांच कर रहे हैं।

### एफआईआर में बड़ा खुलासा लोगों को पहले से थी कार्रवाई की जानकारी

बुलडोजर एक्शन के दौरान बवाल मामले में दर्ज एफआईआर में बड़ा खुलासा हुआ है। चांदनी महल पुलिस स्टेशन के कॉन्स्टेबल संदीप के बयान पर एफआईआर दर्ज हुई है। कॉन्स्टेबल संदीप ने बयान में बताया कि बड़ी मस्ज़िद तुर्कमान गेट के पास तैनात था, जहां कोर्ट के आदेशानुसार मस्जिद के पास एमसीडी की ओर से अवैध कब्जे को हटाया जाना था, जिसे लेकर लोगों को पहले ही अवगत करा दिया गया था।

### 30-35 लोगों की भीड़ बैरिकेड की तरफ आई

कॉन्स्टेबल संदीप ने बताया कि रात 12 बजकर 40 मिनट मिनट पर एसएचओ पुलिस के अन्य स्टाफ के साथ बैरिकेडिंग कर रहे थे, तभी 30-35 लोग की भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए पुलिस बैरिकेडिंग की तरफ आए, जिनमें से शहनवाज, मोहम्मद आरिब, मोहम्मद कासिफ, मोहम्मद अदनान और मोहम्मद कैफ को जानता हूं। लाउड हेलर पर बताया गया कि इलाके में बीएनएसएस की धारा 163 लगी हुई है। सभी लोग तीतर बितर हो जाएं, लेकिन लोगों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ा और पत्थरबाजी शुरू कर दी। उनमें से एक व्यक्ति ने मेरे हाथ से लाउड हेलर छीनकर तोड़ दिया।

**कुछ लोगों की पहचान हो गई**

कॉन्स्टेबल ने बताया कि इसी दौरान और पुलिस फोर्स की मदद से उन लोगों को तितर बितर किया गया, जिसके बाद हमें अस्पताल में एडमिट करवाया गया। उन्होंने ये भी कहाकि 'मैं मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद आरिब, कासिफ, मोहम्मद अदनान, कैफ को जानता हूं। अन्य लोगों के सामने आने पर पहचान सकता हूं।

## खबर संक्षेप

### अजित का वादा-शहर को बनाएंगे खुशहाल

**मुंबई।** बीएमसी चुनाव को लेकर अजित पवार की एनसीपी ने मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। पार्टी ने वादा किया है कि एनसीपी मुंबई को एक वर्ल्ड-क्लास, सबको साथ लेकर चलने वाला और खुशहाल शहर बनाने के लिए कमिटेड है। हम मुंबई को एक ऐसा शहर मानते हैं जो हर मुंबईकर के सपनों को पूरा करे।



### नोबलिस्ट सेन को एसआईआर का नोटिस

**कोलकाता।** नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को एसआईआर का नोटिस मिला तो पश्चिम बंगाल की राजनीति में भूचाल आ गया। टीएमसी ने इसे बंगाल के गौरव का अपमान बताया और पूछा-क्या भारत रत्न से भी यह सवाल होना चाहिए। मामले में चुनाव आयोग को सफाई देनी पड़ी। नोटिस सिस्टम जेनरेटेड प्रॉसेस है।



### बंगाल भाजपा की समिति में 34 को मिला 'नेतृत्व'

**कोलकाता।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की नई प्रदेश समिति के 34 सदस्यों के नामों की घोषणा की। राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में नई प्रदेश समिति का गठन किया गया है। इसमें 12 उपाध्यक्ष, 5महासचिव, 12 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 2संयुक्त कोषाध्यक्ष, 1-1 कार्यालय,संयुक्त कार्यालय सचिव हैं।



### पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने साहू

**पटना।** हाईकोर्ट के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कॉलेजियम ने ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति को पटना हाईकोर्ट के लिए अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी।



## इतिहास के दस्तावेज सामने रखकर भाजपा ने फिर किया दावा

# नेहरू को थी सोमनाथ से सर्वाधिक नफरत पवित्र नदी के जल से अभिषेक को रोका था

## नेहरू ने विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जगह नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने की बात की थी।

**भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु ने कांग्रेस की आलोचना की, सुनाई खरी-खरी**

आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा

देश के प्रथम प्रधानमंत्री को थी इससे सर्वाधिक घृणा

नेहरू ने लियाकत को 'प्रिय नवाबजादा' किया था संबोधित



### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूरी तरह से किया था विरोध



सुधांशु त्रिवेदी



पंडित नेहरू

त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी।

### मुख्यमंत्रियों को 2 बार बार पत्र भी लिखे

#### मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई

त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को 2 बार पत्र लिख शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आरआर दिवाकर को पत्र लिखा।

#### अंधी तुष्टिकरण की राजनीति की और मुग़ल आक्रांताओं का किया महिमामंडन

भाजपा नेता ने नेहरू पर सोमनाथ मंदिर को लेकर करारा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह अंधी तुष्टिकरण की राजनीति और मुग़ल आक्रांताओं का महिमामंडन नहीं था तो और क्या था? पंडित जवाहरलाल नेहरू चाहते ही नहीं थे कि सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हो।

### सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी का पानी औपचारिक रूप से नामंजूर किया था

त्रिवेदी ने बताया कि नेहरू ने उस समय पाकिस्तान के भारतीय राजदूत को भी पत्र लिखा था। पाकिस्तान में भारत के राजदूत को लिखे पत्र में नेहरू ने कहा कि सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी के पानी के इस्तेमाल को औपचारिक रूप से नामंजूर कर दिया, विदेश सचिव के ज़रिए यह बताया कि इस अनुरोध को उनकी मंजूरी नहीं है और आदेश दिया कि भविष्य में ऐसे किसी भी अनुरोध को पहले से मंजूर किया जाए।

## दिल्ली विधानसभा में हंगामा

# आतिशी ने सिख गुरुओं का अपमान किया, माफी मांगें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में बुधवार को सत्तापक्ष के सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी के बयान को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने आतिशी पर विधानसभा सत्र के दौरान सिख गुरु के खिलाफ कथित तौर पर 'असंवेदनशील शब्दों' का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदस्य सिख गुरुओं को सम्मान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की 354वीं शहादत वर्षगांठ मनाने के लिए सदन में एक विशेष चर्चा हुई। वर्मा ने कहा कि हम उन्हें याद कर रहे थे और सम्मान दे रहे थे, लेकिन दूसरी तरफ आतिशी ने सार्थक रूप से भाग नहीं लिया और एक ऐसा बयान दिया, जिससे हमारी भावनाएं आहत हुईं। हमें बहुत दुख है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सिख गुरु का अपमान किया है।

### मंत्री सिरसा ने कहा गंभीर अपराध किया

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मंगलवार को विधानसभा में जो हुआ, उसके लिए मुझे बहुत खेद है. मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि आम आदमी पार्टी गुरु तेग बहादुर जी की महान शहादत पर उनको श्रद्धासुमन भेंट करे या नहीं, ये उनके भाव के ऊपर है, लेकिन जब पूरी विधानसभा में सरकार, मुख्यमंत्री, मंत्रियों से लेकर सभी सत्ताधारी पार्टी के विधायकों तक, लोग गुरु तेग बहादुर जी के बारे में चर्चा कर रहे थे। उनकी धार्मिक यात्रा के बारे में जानकारी शेयर कर रहे थे. ऐसे में मंगलवार को विधानसभा में बहुत दुखदाई अल्फाज कहे गए। सिरसा ने कहा कि ऐसी पवित्र चर्चा के दौरान अनजाने में भी किया गया अनादर एक गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले दिन प्रदूषण पर पूरे दिन की चर्चा पहले ही तय कर रखी थी। इसलिए श्रद्धांजलि सत्र के दौरान यह मुद्दा नहीं उठाया जाना चाहिए था।

### स्पीकर को लिखा पत्र, अतिशी को सजा मिले



वर्मा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिशी ने गुरुओं का अपमान किया। उन्होंने कहा कि अतिशी सदन में मौजूद नहीं हैं। हम मांग करते हैं कि वे सदन में आएं और विधानसभा अध्यक्ष तय करें कि उन्हें क्या सजा मिलनी चाहिए?

## जेएनयू में नारेबाजी, फडणवीस भड़के

# शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को हम कुचल देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली स्थित जवावहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में लगे विवादास्पद नारों पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि जेएनयू में पैदा हुईं शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को कुचल दिया जाएगा। यह जेएनयू में विरोध प्रदर्शन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर आई है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में



कार्यकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान 53 लोग मारे गए। 700 घायल हो गए।

## राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

# ट्रंप के एक फोन से शीर्ष नेतृत्व झुक गया, फर्क समझो, सर जी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। रहुलने पिछले साल जून में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' से संबंधित एक कार्यक्रम में दिए गए अपने भाषण का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ट्रंप के एक फोन से केंद्रीय नेतृत्व उनके सामने झुक गया। उस भाषण में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि कांग्रेस तथा उसके नेताओं ने



महाशक्तियों के सामने कभी 'सरेंडर' नहीं किया, लेकिन थोड़े से दबाव के आगे झुक जाना ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल स्वभाव है। कांग्रेस नेता ने इस भाषण से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'फर्क समझो, सर जी।

## उत्तर भारत का पहला सरकारी सेंसरी गार्डन



### वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में 'उमंग वाटिका'

नई दिल्ली। देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम पहल जुड़ गई है। वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में 'उमंग वाटिका' सेंसरी गार्डन का उद्घाटन हुआ। यह उत्तर भारत का पहला सेंसरी गार्डन है, जिसे सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में स्थापित किया गया है। इस का मुख्य उद्देश्य बच्चों, विशेष रूप से न्यूरो-डेवलपमेंटल आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए संवेदनात्मक बनाना, संतुलन और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

## अब तेलंगाना में जहरीले पानी की शिकायत

# हैदराबाद के जेबी कॉलोनी के घरों में आ रहा दूषित और काला पानी

## लोगों ने कई बार शिकायतें की पर समस्या जस की तस

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश में पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में इंदौर में सामने आए दूषित जल संकट के बाद अब तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से भी ऐसा ही एक गंभीर मामला सामने आया है। जेबी कॉलोनी में लोगों के घरों में नलों से काला और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे इस समस्या को लेकर संबंधित विभागों से शिकायत कर रहे हैं। अधिकारी आए, जांच की और कहा कि समस्या ठीक कर दी गई है, लेकिन कई घरों में पूरी तरह काला पानी आ रहा है।

### खोरधा में बच्चों की बीमारी की जांच तेज, संक्रमण की आशंका

ओडिशा के खोरधा जिले में सामने आए बच्चों के बीमार पड़ने के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिला सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजन मित्रा ने बताया कि जांच के लिए एक 7 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम मौके पर मौजूद है। डॉ. मित्रा के अनुसार, टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एक महामारी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, तकनीशियन और प्रोग्राम मैनेजर शामिल हैं। बच्चों के पहुंचते ही उनके नमूने लिए जाएंगे । 20 खून के नमूनों में से 5 की रिपोर्ट आ चुकी है।



हैदराबाद में इस तरह आ रहा पानी

## माघ मेले में 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताया, मांग की

# बाबाओं को भी चाहिए गनर, 90 को मिल चुकी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ मेले में प्रवास कर रहे करीब 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताते हुए मेला पुलिस से सुरक्षा मांगी है। पुलिस के अनुसार आवेदनों में कारणों का सत्यापन गोपनीय तरीके से कराया जा रहा है। यह जिम्मेदारी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को दी गई है। इकाई यह जांच कर रही है कि किन साधु-संतों को वास्तव में जान का खतरा है। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर अब तक करीब 90 साधु-संतों को सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है, जबकि शेष आवेदनों पर रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, मेला क्षेत्र में लगे 65 से अधिक शिविरों की सामान्य सुरक्षा के लिए पहले से ही होमगार्ड की तैनाती की गई है।

**65** से अधिक शिविर लगे मेला क्षेत्र में

**16** महिला हेल्प डेस्क बनीं

**761** फायरकर्मी तैनात किए

7 अपर अधीक्षक और कई कर्मी लगे

### पुलिस इकाई जांच कर रही, किसे वास्तव में जान का खतरा



साधु-संतों के साथ गनर दिखाई दे रहे।

#### मेला क्षेत्र में लगे 400 कैमरे

शहर से लेकर मेला क्षेत्र में 1552 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें मेले में 400 कैमरे शामिल है। एक सेंट्रल कंट्रोल रूम, 16 महिला हेल्प डेस्क, 17 साइबर हेल्प डेस्क, 761 फायरकर्मी तैनात हैं। इसके अलावा 20 वाच टावर भी लगाए गए हैं।

#### आवेदनों की एलआईयू से जांच हो रही

इस संबंध में एसपी माघ मेला नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि 60 से अधिक शिविरों में होमगार्ड और करीब 90 साधु-संतों को गनर उपलब्ध कराए गए हैं। अन्य आवेदनों की एलआईयू से जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के बाद सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

#### क्षेत्र की सुरक्षा में कई पुलिस टीमें लगाई गईं

7 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 सीओ, 29 इंस्पेक्टर, 221 दरोगा, 15 महिला दरोगा, 1593 सिपाही, 136 महिला सिपाही, पीएसी की 5 बाढ़ राहत कंपनियां, 7 कानून-व्यवस्था के लिए पीएसी कंपनियां, 2 एनडीआरएफ टीमें, 1 एसडीआरएफ, 2 आरएएफ कंपनियां, संपूर्ण मेला अवधि के लिए 4 आरएएफ कंपनियां, 6 बीडीडीएस टीमें, 2 एटीएस हैं।

**जबलपुर**
गुरुवार, 8 जनवरी 2026
- माघ मास कृष्ण पक्ष-05
- वर्ष : 20, अंक : 250
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**चांद पर बड़े मिशन की तैयारी!**

## 2040 तक अंतरिक्ष यात्री भेजेगा भारत


फाइल फोटो

**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख ए एस किरण कुमार ने भारत के भविष्य के अंतरिक्ष रोडमैप को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भारत न केवल चंद्रमा पर मानव भेजने की तैयारी कर रहा है, बल्कि अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) की प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष कुमार एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) के 5वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।




### भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई

# सीएम डॉ. यादव ने कहा- हम आंकड़ों में नहीं पड़ रहे एक व्यक्ति की जान जाना भी हमारे लिए कष्टकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/भोपाल



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई है। 18 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है। प्रशासन ने परिजन को मुआवजा देने के लिए बनाई गई सूची में बुधवार को दो नए नाम जोड़े हैं। इनमें रामकली जगदीश और श्रवण नत्यु खुपराव शामिल हैं।

**जो भी संख्या सामने आएगी, राज्य सरकार संबंधितों के परिजन को राहत राशि देने का काम करेगी। सरकार हर पल प्रभावितों के साथ है**

स्वास्थ्य विभाग की 61 टीमें दो दिन में 5013 घरों तक पहुंची, 24786 लोगों से संपर्क कर उन्हें उचित परामर्श दिया वहीं, प्रत्येक घर में दवाइयां और एक क्लीनवेट ड्रॉप भी बांटे


फाइल फोटो

### बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया

बुधवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को अस्पताल रेफर किया गया है। इससे पहले आईसीयू में 16 मरीजों के भर्ती होने की जानकारी सामने आई थी। इनमें से 3 वेंटिलेटर पर हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया है।

### कलेक्टर बोले- दोबारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेंगे

कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बुधवार को भी भागीरथपुरा क्षेत्र की बस्तियों और कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान सीवरेज और नर्मदा पाइपलाइन के लीकेज सुधार के कामों का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अभी पानी सप्लाई के साथ पाइपलाइन की टेस्टिंग की जा रही है।

## खंडवा में फ्लोराइड युक्त पानी दांत खराब, हाथ नहीं मुड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



इंदौर में दूषित पानी से मौतों के बाद अब खंडवा जिले का किल्लौद ब्लॉक चिंता का केंद्र बनता जा रहा है। यहां एक दर्जन से ज्यादा गांवों में लोग मजबूरी में फ्लोराइड युक्त पानी पी रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस पानी ने बच्चों और युवाओं की सेहत बिगाड़ दी है। कई गांवों में बच्चों के दांत पीले पड़ गए हैं, युवाओं के हाथ ठीक से नहीं मुड़ पा रहे, वहीं इंफेक्शन, जोड़ों में दर्द और कमजोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। पानी में फ्लोराइड की मात्रा 2.0 से 5.0 पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) पाई गई है, जबकि सुरक्षित सीमा 1.0 पीपीएम से कम मानी जाती है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि किल्लौद ब्लॉक के कुछ गांवों में पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई है।

**खबर संक्षेप**

### डेढ़ लाख की रिश्वत लेते पीएचई का ईई गिरफ्तार



**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एसएल बाथम और उनके निजी ड्राइवर फूल सिंह को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए करोड़ों रुपए के कार्यों में कमीशन मांगने की शिकायत पर की गई। ठेकेदार शैलेष का आरोप है कि कार्य के एवज में साढ़े 3%कमीशन की मांग की जा रही थी।

### खनिज अधिकारी से छीन ले गए ट्रैक्टर ट्रॉली



**श्योपुर।** जिले में पत्थर माफियाओं के हौसले कितने बुलंद हो गए हैं, इसकी बानगी बुधवार को जिला अस्पताल के पीछे शहर के बायपास रोड पर देखने को मिली, जहां जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगोले और उनकी टीम से झूमा झटकी करके पत्थर माफिया के लोग पकड़ी गई पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को छुड़ाकर भाग निकले। गंगोले ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

### अधीक्षक से कलेक्टर बोले- दो जूते मारूंगा



**गंजबासौदा।** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता बुधवार दोपहर उदयपुर स्थित शासकीय आदिवासी बालक आश्रम पहुंचे। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को सरेआम 'जूते मारने' की धमकी दे डाली। आश्रम में बच्चे मौजूद नहीं थे। छात्रावास अधीक्षक चैन सिंह चिढ़ार ने बताया कि शीतलहर के कारण दो दिन की छुट्टी घोषित की गई थी, यह जवाब सुनकर कलेक्टर भड़क गए।

### शीर्ष कोर्ट ने कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें?

**आवारा कुत्तों का मामला**

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कैसे पता चलेगा कुत्ता 'काटने के मूड' में है या नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम टिप्पणियां कीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशुप्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। 18 दिसंबर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया।

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिल के पीछे दौड़ते हैं। ऐसी जगहों से उन्हें हटाने पर भला क्या आपत्ति हो सकती है?*

**6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी और स्थिति नियंत्रण से बाहर**


फाइल फोटो

**सिब्बल ने कहा- एनएचएआई की तरह रेल मंत्रालय को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए**

**सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं, सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं**

### कल सोसाइटी में कोई भैंस ले आएगा, तो क्या करेंगे?

सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं। मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं।

### स्कूलों, अस्पतालों जैसी जगहों के अंदर आवारा कुत्ते क्यों होने चाहिए?

सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि स्कूलों, अस्पतालों जैसी जगहों के अंदर आवारा कुत्ते क्यों होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिल के पीछे दौड़ते हैं। ऐसी जगहों से उन्हें हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है। सिब्बल ने कहा कि एनएचएआई की तरह रेल मंत्रालय को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

**जस्टिस ने कहा**

### एक ही चीज रह जाएगी कुत्ते की काउंसलिंग करना ताकि वापस छोड़े जाने पर वह न काटे

जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि एक ही चीज रह जाएगी, कुत्ते की काउंसलिंग करना ताकि वापस छोड़े जाने पर वह न काटे। यह केवल कुत्तों के काटने की बात नहीं है। कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिलों के पीछे दौड़ते हैं। दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस पर सिब्बल ने कहा- हां ऐसा कुछ इलाकों में होता है, लेकिन सभी कुत्ते एक जैसे नहीं होते। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूछा गया कि सुबह-सुबह आपको कैसे पता चलेगा कि किस कुत्ता किस मूड में है।


महापंचायत के बाद बढ़ा तनाव

### सतना में विवादित ढांचा हटाने को लेकर हंगामा

## वीएचपी व बजरंग दल के 200 कार्यकर्ता पहुंचे, पुलिस ने रोका

**प्रशासन बोला- नोटिस जारी कर दिया है, जल्द हटाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

सतना जिले के धारकुंडी थाना क्षेत्र के झखौरा गांव में मंगलवार शाम तनाव की स्थिति बन गई। यहां एक मकान में बने विवादित ढांचे को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के 200 से अधिक कार्यकर्ता महापंचायत करने पहुंचे थे। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए विवादित ढांचे की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मौके पर पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें 200 मीटर पहले ही रोक लिया। प्रशासन द्वारा कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। मौके पर तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे और मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने प्रदर्शनकारियों से सीधी बातचीत की।

### भारी पुलिस बल तैनात, सुपर-30 दस्ता भी मौजूद

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एएसपी प्रेमलाल कुर्वे के साथ चित्रकूट एसडीओपी राजेश बंजारे, सभापुर टीआई शंखधर द्विवेदी, चित्रकूट टीआई गिरजा शंकर बाजपेयी, बरौंधा टीआई अभिनव सिंह, मझगवां टीआई आदित्य नारायण धुर्वे और धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल मोर्चे पर डटे रहे। इसके अलावा पुलिस लाइन से सुपर-30 का दस्ता भी विशेष रूप से तैनात किया गया था।

### जबलपुर में विहिप के कई वॉटसएप ग्रुप हैक

## एसबीआई के नाम लिंक भेजकर ठगी की कोशिश, साइबर सेल में शिकायत

**ग्रुप में कई संदिग्ध लिंक भी नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में साइबर ठगों ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महाकौशल से जुड़े सैकड़ों वॉटसएप ग्रुप को निशाना बनाकर बड़ा साइबर हमला किया है। ठगों ने न केवल ग्रुप हैक किए, बल्कि उनके नाम और प्रोफाइल फोटो भी बदल दी और खुद को एडमिन बना लिया। अब तक


विहिप कार्यकर्ता

पुलिस, कस्टम, क्राइम ब्रांच और इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठगी करने वाले साइबर ठगों ने नया तरीका अपनाते हुए हिंदू संगठनों के ग्रुप को ठगी का माध्यम बनाया है।

### कांग्रेस पार्षद के दो भाइयों समेत 4 गिरफ्तार, दो पर एनएसए

घमापुर थाना अंतर्गत चुंगी चौकी क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात हुई बमबाजी और पथराव के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कांग्रेस पार्षद जीतू ठाकुर के भाई भैया लाल और छोटू ठाकुर समेत उनके गुर्गों यश और हर्ष ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर अपराध को देखते हुए यश और हर्ष ठाकुर के खिलाफ एनएसए (रासुका) के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य दो आरोपियों को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बन कर तैयार

*पटरी पर उतारने से पहले शुरू किए गए अंतिम परीक्षण*




### हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाएगी यह ट्रेन

**नई दिल्ली।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गई है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिए हैं। लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं। इस विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।

### शराब पीने के दौरान युवकों के बीच शुरू हुआ विवाद

## उज्जैन के मेला ग्राउंड में तीन गुटों के बीच हिंसक झड़प, कई लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन के शिप्रा नदी के किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में उपद्रव देखने को मिला। यहां तीन गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। यहां पारदी, सांठीया, कंजर और गाडोलिए समुदाय के ढेरों में विवाद हुआ है।

मामला शांत करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे। इस दौरान गिरने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरअसल, शिप्रा नदी के किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में कई समाज के डेरे हैं। यह लोग यहां पर तंबू लगाकर रहते हैं और महाकाल मंदिर व काल भैरव मंदिर क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार का व्यापार व्यवसाय करते हैं। कुछ लोग फेरी लगाकर धार्मिक सामग्रियां बेचते हैं। मंगलवार शाम को करीब आधा दर्जन युवक यहां बैठकर शराब पी रहे थे। यह युवक अलग-अलग डेरे से थे। शराब पीने के दौरान आपस में इनका विवाद हो गया।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना का जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी गगन बादल अपनी टीम के साथ पहुंचे। शिप्रा नदी के पास खुले मैदान में अलग-अलग समाज के लोग तंबू लगाकर रहते हैं। ये लोग माला बेचना, भिक्षावृत्ति व फेरी लगाकर काम करते हैं। यहां इनका आपस में विवाद हुआ है। दो लोगों को चोट आई है। गिरने से एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि कार्तिक मेला ग्राउंड में करीब आधा दर्जन युवक शराब पी रहे थे। इस दौरान उन्होंने आपस में विवाद शुरू कर दिया और लाठी डंडों से एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया।

चिंतन

# वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों

हिंदू छात्रों के विरोध और शिकायतों के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले बैच में 50 छात्रों में 42 मुस्लिम समुदाय से थे, जबकि हिंदू छात्रों की संख्या सिर्फ 7 और 1 सिख छात्र शामिल थे। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध किया और आरोप लगाया कि कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। हिंदू संगठनों का कहना था कि चूंकि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से संचालित होता है, इसलिए श्राइन बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कॉलेज श्राइन बोर्ड की जमीन पर ही बना है और ज्यादातर फंडिंग हिंदू भक्तों के चढ़ावे से आती है। हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था से जुड़े पैसे का इसमें इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सीटें ज्यादातर एक खास समुदाय को मिल गईं। ये हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है और भेदभाव जैसा लगता है। सवाल उठता है कि हिंदू धर्म के संगठनों के पैसे का इस तरह उपयोग कितना जायज है। बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.3%, हिंदू 28.44%, सिख 1.87%, बौद्ध 0.90% और ईसाई 0.28% है। इस तरह देखा जाए जो हिंदू यहां अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी 50 में सिर्फ 7 सीटें हिंदू छात्रों को मिलना कहां का न्याय है। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मान्यता रद्द करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मानकों के गंभीर उल्लंघन शामिल है। अब मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति, जिसमें 60 सामाजिक और दक्षिणपंथी संगठन शामिल हैं, ने पहले दाखिला सूची रद्द करने की मांग की थी। जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने कॉलेज बंद करने पर जोर दिया। समिति का तर्क था कि माता वैष्णो देवी श्राइन के चढ़ावे से मिलने वाले लाभ मुख्य रूप से हिंदुओं को ही मिलने चाहिए। मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में 5 दिसंबर और 19 दिसंबर, 2024 को एक पब्लिक नोटिस के तहत नया एमबीबीएस प्रोग्राम शुरू करने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद संस्थान को 2025-26 एकेडमिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस छात्रों को एडमिशन देने की मंजूरी मिली थी और इसी के बाद मुस्लिम छात्रों के एडमिशन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था और उपराज्यपाल से एडमिशन रिव्यू की मांग की थी। हिन्दू संगठन ने कहा था कि कॉलेज को हिंदू माइनॉरिटी स्टेटस मिले या नई मेरिट से दाखिले हों। हालांकि कॉलेज के अधिकारियों और राज्य के मुख्यमंत्री सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। धर्म से इसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन विरोध करने वाले इसे आस्था और फंडिंग के दुरुपयोग का मामला मानते रहे। यही वजह थी कि महीनों तक ये विवाद गरमाया रहा और अब इस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। अब कॉलेज के छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी का घटनाक्रम आजकल चर्चा में है। वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया। रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए।

# ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी ने महाकवि तुलसीदास की इस कहावत 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' को चरितार्थ कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिन कुतर्कों को तर्क बताकर अपने हठ को सच बताते रहें, वास्तविकता यही है कि इस कार्यवाही को किसी भी कानून के परिप्रेक्ष्य में तर्कसम्मत नहीं ठहराया जा सकता है? वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया।

रूस ने भी आपात्ति जताई है, लेकिन बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कोई भी कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए। गुटेरस ने कहा कि यह इस कार्यवाही में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किंतु इसकी अनदेखी की गई। वेनेजुएला के प्रतिनिधि ने अमेरिका द्वारा किए इस हमले को अपने देश के प्राकृतिक संसाधनों और तेल को प्राप्त करना बताया। ऐसी ही रूस, चीन, मैक्सिको, क्यूबा और कई देशों ने अमेरिका की कड़ी आलोचना की, किंतु अमेरिका के मित्र देश उसके साथ खड़े दिखाई दिए हैं। दुनिया के तेल भंडार का 18.17 प्रतिशत तेल अर्थात 303 अरब बैरल तेल और दुर्लभ खनिज के भंडार वेनेजुएला की धरती में समाए हुए हैं, किंतु उसके पास कच्चे तेल को शोधन करने के तकनीकि संसाधन नहीं हैं। इसलिए इस तेल को ईंधन में नहीं बदल पा रहा है। इस तेल को शोधन के लिए जब मादुरो ने चीन से तेल और रूस से हथियार खरीदने की नीति को अंजाम दिया तो ट्रंप की नाराजगी बढ़ गई और मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया का अपहरण कर लिया। इस अपहरण की घटनाक्रम को लेकर मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा है कि इतिहास बताएगा कि हमारे भीतर के लोगों ने किस तरह से गद्दारी करते यह राष्ट्रघात किया? मीडिया द्वारा ऐसी जानकारियां सामने लाई गई हैं कि वेनेजुएला सरकार में काम कर रहे लोगों ने ही उपहारों के लालच में आकर अमेरिकी सेना को राष्ट्रपति मादुरो के आवास तक पहुंचाने में मदद की है। हालांकि अमेरिका ने वेनेजुएला पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने का हवाला देकर इस सैन्य कार्यवाही को जायज ठहराया है। मादुरो को अमेरिकी कानून केर-फ्रिस्बी के तहत पकड़ा गया है। यह कानून अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद-2 के तहत राष्ट्रपति को गैर-कानूनी तरीकों से ऐसे लोगों और भगोड़ों को पकड़ने की अनुमति देता है, जो अमेरिका को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हों। इसमें प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी गैर-कानूनी हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद अमेरिकी अदालत में मामला चलाया जा सकता है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। मादुरो पर मादक पदार्थ तस्करी के आपराधिक मामले अमेरिका में दर्ज हैं। इनमें कम से कम 20 साल



की सजा से लेकर आजीवन कारावास हो सकता है। अमेरिका ऐसा दुस्साहस 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार करके दिखा चुका है। इन्हें अमेरिकी अदालत ने 40 साल की सजा सुनाई थी, किंतु 2011 में रिहा कर दिया गया था। यदि मादुरो को सजा सुनाई जाती है तो ट्रंप के राष्ट्रपति नहीं रहने के बाद कोई दूसरा राष्ट्रपति मादुरो को क्षमादान दे सकता है। खुद ट्रंप होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को 2025 में माफी दे चुके हैं। अमेरिका कभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी का बहाना ढूंढकर अपने शत्रु राष्ट्रों के मुखियाओं को सबक सिखाता रहा है। 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश सरकार ने इराक पर जैविक और रासायनिक हथियार होने का दावा कर ईराक को नेस्तनाबूद कर दिया था। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी अपदस्थ कर दिया था। इन हस्तक्षेपों के चलते आज भी इन देशों में गृहयुद्ध एवं अस्थिरता के हालात बने हुए हैं। यही हश्र अब वेनेजुएला का होना निश्चित है। अमेरिका के सरकारी शोध संस्थान कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार 1798 से लेकर अब तक अमेरिका 469 सैन्य हस्तक्षेप दुनिया में इसलिए कर चुका है, जिससे उसे महाशक्ति माना जाता रहे। दुनिया में लगातार ऐसे हालातों की निर्मिति सामने आने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति लाचार बनी हुई है। उस पर निरंतर प्रश्न-चिन्ह उठ रहे हैं। अतएव यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है।

इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है, इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र ताकतवर देशों की मनमानी रोकने, शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर समेत तीन बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते हैं, इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे हैं। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत तो है ही, वेनेजुएला के परिप्रेक्ष्य में कुछ ऐसा करना जरूरी है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रति सदस्य देशों में विश्वास पैदा करे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्त्री चेतना का मुखर स्वर बनीं कथाकार आशापूर्णा देवी

साहित्य समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य, सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का पुख्ता धरातल भी बनाता है। स्त्री जीवन से जुड़े यथार्थ को उकेरने वाले कथानक परिवेशगत परिवर्तन के इस पक्ष पर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। महिलाओं के सशक्त व्यक्तित्व, संघर्षशील विचार और व्यावहारिक जीवन से जुड़ी उलझनों को सहजता से शब्दों में ढालने वाली बांग्ला कथाकार व कवयित्री आशापूर्णा देवी ने नारी जीवन से जुड़ी इन्हीं मार्मिक बातों-हालातों को अपनी साहित्यिक यात्रा का हिस्सा बनाया। प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली देश की इस पहली महिला साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में पारिवारिक जीवन की समस्याओं से लेकर सामाजिक परिवेश की कुंठा, स्वार्थ, दमनकारी सोच और स्त्रीमन के संवेदनात्मक पहलुओं तक का अत्यंत पैनेपन के साथ चित्रण किया है।असल में उनका रचनाकर्म बिना लाग-लपेट के महिलाओं के उत्पीड़न और समाज एवं परिवार की कटु हकीकत से मिलवाने वाली रूपरेखा लिए है। यही वजह है कि बेबाकी से कलम चलाने वाली आशापूर्णा देवी का उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय है। अपनों के बीच भी उनके महिला चरित्रों की असहजता, अधिकारों की लड़ाई और संघर्षपूर्ण दिनों में मुखर भूमिका निभाने से जुड़ी सृजनशीलता ने कई पुरस्कार भी उनकी झोली में डाले। उनकी कृति 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए 1976 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म श्री से भी




नवाजा गया।ध्यातव्य है कि दूरदर्शन पर 'प्रथम प्रतिश्रुति' नामक टीवी कार्यक्रम भी प्रसारित हुआ था। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने 1989 में उनको 'देशिकोत्तम से सम्मानित किया था। साथ ही 1994 में साहित्य अकादमी द्वारा भी आशापूर्णा देवी को साहित्य अकादमी फेलोशिप के रूप में अपना सर्वोच्च सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि उनके रचना संसार में लगभग 225 कृतियां शामिल हैं। प्रथम प्रतिश्रुति के बाद उनके दो अन्य उपन्यास, 'सुवर्णलता' और 'बकुल कथा' भी बहुत अधिक चर्चित रहे हैं। तीन पीढ़ियों की कहानी कहती इस त्रयी 'प्रथम प्रतिश्रुति, सुवर्णलता और बकुल कथा के माध्यम में उन्होंने बांग्ला साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। इतना ही नहीं, उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, असमिया, कन्नड़, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी और संस्कृत जैसी कई अन्य भारतीय भाषाओं भी हुआ है। साथ ही अंग्रेज़ी सहित बहुत सी विदेशी भाषाओं में भी उनकी कृतियों का अनुवाद किया गया है। 8 जनवरी 1909 को उत्तरी कलकत्ता में जन्मी आशापूर्णा देवी को उनकी सात दशक से अधिक की साहित्यिक यात्रा में सामाजिक समानता और घर-परिवार में बुनियादी बदलाव लाने वाले स्त्री चेतना के स्वर को बल देने वाली रचनाकार माना जाता है। समझना आवश्यक है कि आशापूर्णा देवी के रचना संसार के स्त्री चरित्र ही नहीं उनका व्यक्तिगत संघर्ष भी आम स्त्रियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके अथक संघर्ष और अनवरत सृजन की यात्रा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन रण में डटे रहने की सीख देते हैं।

गौरतलब है कि उस दौर के एक रूढ़िवादी बंगाली परिवार में जन्मी आशापूर्णा देवी की कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं हुई। विवाह के बाद अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने साहित्य साधना की। दूरदर्शन को दिए गए एक साक्षात्कार में आशापूर्णा देवी ने कहा था कि 'मेरे लिए गृहस्थी मेरी धरती है और साहित्य सृजन मन का आकाश। मेरी दृष्टि आकाश पर लगी रही जबकि पैर धरती पर रहे। मैंने कभी गृहस्थी और साहित्य को एक-दूसरे का पूरक या प्रतिस्पर्धी नहीं माना। मेरे लिए दोनों मेरे लिए समानांतर रहे।' इसी संतुलित सोच के साथ जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनकी कलम ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से स्त्रीमन की घुटन को पन्नों पर उतारा। पारिवारिक ढांचे में मौजूद पीढ़ियों के टकराव और महिलाओं के आत्मसम्मान की लड़ाई को अपने लेखन में जगह दी। समाज और परिवार की वास्तविक स्थितियों को उकेरने में उन्हें सिद्धहस्त माना जाता है। यही वजह है कि साधारण जीवन जीते हुए असाधारण कृतियाँ लिखने वाली यह रचनाकार आज भी भारतीय स्त्रियों की पथ-प्रदर्शक सी लगती हैं। उनकी रचनाएँ न केवल तत्कालीन समाज की रूढ़िवादी सोच और वर्जनाओं को सामने लाती ही हैं बल्कि स्त्रियों को संघर्ष कर मुक्ति पाने का मार्ग भी दिखाती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अच्छा काम करना है तो आलस छोड़ दें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाएं**

महात्मा गांधी का कथन है कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की रीढ़ के समान हैं, जो कि दर्शाता है कि किसी भी लोकतंत्र में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए इन संस्थाओं में चुनकर आने वाले जनप्रतिनिधियों में योग्यता, अनुभव, लक्ष्य तथा जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने की कार्यकुशलता जैसे गुणों का होना अति अनिवार्य है। प्राचीन काल में पंच परमेश्वर व्यवस्था से वर्तमान की हाईटेक पंचायती राज व्यवस्था तक का सफर कर चुकी ये संस्थाएं आज के समय में उतनी प्रभावी नहीं बन पाई है जितना इनको होना चाहिए था। हालांकि इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की तरफ से प्रयास जारी हैं, जिन्हें तीव्र गति देने की जरूरत है। – *मदन अग्रवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# सीआईए के पूर्व एजेंट एमेस की जेल में मृत्यु

अमेरिका की खुफिया जानकारियां सोवियत संघ को बेचने वाले सीआईए के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मृत्यु हो गई। कारागार ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि एमेस की मृत्यु सोमवार को हुई। लगभग 31 साल तक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए में काम करने वाले एमेस ने स्वीकार किया था कि उन्हें 1985 से 1994 तक अमेरिकी खुफिया जानकारी बेचने के लिए मॉस्को से 25 लाख डॉलर मिले थे। उन्होंने 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय अधिकारी की पहचान बताई थी, जो अमेरिका या ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने उपग्रह के जरिये जासूसी से जुड़े अभियानों, गोपनीय बातचीत और जासूसी के सामान्य तरीकों की जानकारी भी दी थी। सोवियत संघ को जानकारी साझा करने से पश्चिमी देशों के कई खुफिया एजेंट की मौत हुई थी और यह शीत युद्ध के दौरान सीआईए के लिए बड़ा झटका था। उन्होंने जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार किए थे, जिसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक अमेरिका से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारियां छिपाए रखीं।



## ऑफ बीट

# नई शुरुआत का उत्साह जल्दी पड़ जाता है फीका

हर जनवरी के साथ कार्यालयों में नयी शुरुआत का माहौल बनता है। नयी डायरी, नयी नोटबुक और व्यवस्थित कार्य सूची (टू-डू लिस्ट) के साथ यह उम्मीद रहती है कि इस साल सब कुछ अलग होगा। लेकिन फरवरी आते-आते वही योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और शुरुआती उत्साह कम हो जाता है। आमतौर पर इसे अनुशासन या इच्छाशक्ति की कमी माना जाता है, लेकिन मनोविज्ञान इसके पीछे एक अलग ही तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नयी शुरुआत हमें काम शुरू करने में तो मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने में नहीं। नई शुरुआत क्यों लगती है प्रभावशाली- मनोवैज्ञानिक नयक साल को 'टेम्पोरल लैंडमार्क' मानते हैं, जो हमारे पुराने और नये रूप के बीच एक सीमा रेखा खींच देता है। 'टेम्पोरल लैंडमार्क' समय में आने वाले वे खास पल या घटनाएं होती हैं जो हमें अपने जीवन में ''नये सिरे से शुरुआत'' करने का अहसास दिलाती हैं। शोध के मुताबिक, ऐसे पड़ाव 'फ्रेश स्टार्ट इफेक्ट' पैदा करते हैं, जिससे लोग बड़े और आदर्श लक्ष्य तय करने के लिए खुद को अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।



## ट्रेंड

### जैव-बिटुमेन का उत्पादन




आज भारत के सड़क अवसंरचना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है, क्योंकि हमारा देश व्यावसायिक रूप से जैव-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। सीएसआईआर और उसके समर्पित वैज्ञानिकों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।
**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### युवाओं की भूमिका



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज भोपाल निवास पर युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम में बात की। आप अपने ऊर्जावान विचार व संकल्प से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।
**-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### शो-पीस बना खेल केंद्र



यह बेहद दुखद है कि जोधपुर में हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया गया प्रदेश का इकलौता स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट एवं हाई-परफॉर्मेंस खेल केंद्र आज एक शो-पीस बन कर रह गया है। खिलाड़ी इस संस्थान के लिए आवाज उठाएं।
**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विपक्ष में छटपटाहट



मनरेगा योजनाओं में जो लूट मची हुई थी, उसे वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से बंद कर दिया गया है। इस वजह से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में छटपटाहट मची हुई है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**


**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

▶ अदालत ने संज्ञेय अपराध पाकर प्रकरण पंजीबद्ध करने के दिए निर्देश

▶ आरोपित सूरज उप्र पुलिस में खेल कोटे से सिपाही के रूप में है पदस्थ, महिला कोच है जबलपुर निवासी

# लक्ष्मण अवॉर्ड प्राप्त वूशु खिलाड़ी सिपाही सूरज यादव व महिला कोच पर ब्लैकमेलिंग का आरोप

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अरुण कुमार गोयल की अदालत ने लक्ष्मण अवार्ड प्राप्त वूशु खिलाड़ी परेड कोठी, इंग्लिशिया लाइन, वाराणसी निवासी सिपाही सूरज यादव व उसका साथ देने वाली जबलपुर निवासी महिला कोच पर ब्लैकमेलिंग के आरोप संबंधी परिवाद की सुनवाई की। इसी के साथ संज्ञेय अपराध पाते हुए प्रकरण पंजीबद्ध करने का निर्देश दे दिया।



परिवादी जबलपुर निवासी महिला कोच के पति, जो स्वयं वूशु कोच है, की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उत्तर प्रदेश पुलिस में खेल कोटे से पदस्थ लक्ष्मण अवार्ड प्राप्त वूशु खिलाड़ी सिपाही सूरज यादव ने एक शादीशुदा महिला कोच के साथ मिलकर ब्लैकमेल और एक्सटार्शन किया है। सूरज ने महिला कोच को कथित तौर पर अपने प्रेम जाल में फंसाया। इस पूरे घटनाक्रम से आहत होकर महिला के पति परिवादी वूशु कोच ने खेलों में नैतिकता और शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से खेल विभाग, भारत सरकार एवं भारतीय वूशु संघ में शिकायत कर दोनों को खेल से प्रतिबंधित करने की मांग की। आरोप है कि इससे नाराज होकर सिपाही सूरज यादव ने महिला कोच के साथ मिलकर पीड़ित पति के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचा। पीड़ित का आरोप है कि होटल के कमरे में बनाए गए सूरज यादव और मेरी पत्नी के आपत्तिजनक वीडियो की पेन ड्राइव भेजकर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई और पत्नी को तलाक देने, 10 लाख की मांग, मकान पत्नी के नाम करने तथा खेल विभाग व भारतीय वूशु संघ में दी गई शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। इस तरह पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे कर डराया-धमकाया और ब्लैकमेल किया गया। परिवादी के अनुसार एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी का ऐसा घिनौना कृत्य कानून और पुलिस की गरिमा पर सीधा आघात है। इसीलिए, न्यायालयीन आदेश की प्रति मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव गृह, यूपी एवं खेल संचालक उत्तर प्रदेश को सौंपते हुए मांग की गई है कि सूरज को तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच का संस्थित की जाए। साथ ही उप्र सरकार द्वारा दिया गया प्रतिष्ठित लक्ष्मण अवार्ड वापस लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूरज विवेचना या गवाहों को प्रभावित न कर सके। न्यायालयीन आदेश के अनुसार दोनों आरोपितों को आगामी 29 जनवरी को जिला न्यायालय जबलपुर से जमानत करानी होगी।

## डॉक्टरों की टीम के साथ फार्म हाउस में जाने की अनुमति दी जाए

**जबलपुर।** हैदराबाद से जबलपुर लाये गये घोड़ों की मौतों को चुनौती देने के मामले में मप्र हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई नियत थी। याचिकाकर्ता की ओर से एक आवेदन पेश कर मांग की गई कि घोडों की जांच करने वेटरनरी डॉक्टरों की टीम के साथ उन्हें फार्म हाउस में जाने की अनुमति प्रदान की जाये। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने समय अभाव के कारण आवेदन पर सुनवाई 28 जनवरी को निर्धारित की है।आवेदन में कहा गया है कि जांच के लिए याचिकाकर्ता, ब्रीडर और विटरनरी डॉक्टर को फॉर्म हाउस में प्रवेश की अनुमति दी जाए। पिछली सुनवाई के दौरान फॉर्म हाउस के केयर टेकर सचिन तिवारी की ओर से बताया गया था कि हैदराबाद से लाये गये 57 घोड़ों में 19 की मौत हो गयी है। इसके अलावा 22 घोड़ों को बेच दिया गया है। तीन नये घोडे खरीदे गये हैं। वर्तमान में उसके पास 19 घोड़े है, जिनकी खुराक व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी घोडो स्वस्थ है और उनकी देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। याचिकाकर्ता की की दलील है कि कि पिछले माह कुछ और घोड़ों की मौत हुई है, जिसे छुपाया जा रहा है। इसके अलावा केयरटेकर ने यह भी नहीं बताया कि घोड़ों को किसे बेचा है। इसलिए स्थल निरीक्षण जरूरी है। गौरतलब है कि जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की ओर से दायर याचिका में घोड़ों की मौत का मुद्दा उठाया गया था। याचिका में कहा गया कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुड्डू हॉर्स पॉवर लीग का सूत्रधार है। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस कराकर उन्होंने एक एप के माध्यम से फिलीपिंस में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। इस संबंध में फिलीपिंस सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास 150 से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों के वेतन देना बंद कर दिया था। भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी। साक्ष्य छिपाने के लिए घोड़ों को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है।

# शहर के सौंदर्यकरण को मिलेगी नई रफ्तार: महापौर ने की समीक्षा



**जबलपुर।** शहर की हरियाली और पार्कों के विकास को लेकर नगर निगम अब 'एक्शन मोड' में है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर के सौंदर्यकरण और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि सभी प्रोजेक्ट्स समय पर पूरे हों और शहर के प्रमुख चौराहों व पार्कों का रखरखाव बेहतर तरीके से किया जाए। उन्होंने पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके अपनाने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी बताया गया कि भारत माता मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है और बहुत जल्द इसका भव्य लोकार्पण किया जाएगा, जो शहर की आध्यात्मिक शोभा और पर्यटन को बढ़ाएगा। यह पहल जबलपुर को 'ग्रीन सिटी' बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# जेडीए ने समझौता शिविर आयोजित किया

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक-64 और 65 के तहत स्थल कार्यालय, योजना क्रमांक 41, पं. ओंकार प्रसाद तिवारी नगर में समझौता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूमिस्वामी सतीश जैन को अनुबंध प्रपत्र वितरण किए गए। यह कार्य जबलपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा संपन्न किया गया।



# हीरोस कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, स्टार बॉयज़ ने 2 रन से जीता फाइनल

**जबलपुर।** बालगंधर्व तिलक वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत उत्तर मध्य के पूर्व विधायक विनय सक्सेना को समर्पित हीरोस कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य एवं सफल समापन हुआ। इस अवसर पर विनय सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला टीम MMK और स्टार बॉयज़ के बीच खेला गया, जिसमें स्टार बॉयज़ ने रोमांचक मुकाबले में मात्र 2 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। विजेता टीम स्टार बॉयज़ को ₹51,000 नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम MMK को ₹21,000 नकद देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिटी कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. प्रशांत मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक अधिवक्ता अल्तमश रहे। आयोजन को सफल बनाने में नूर हयात खान, अदनान हयात खान, इमरान खान सहित सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेल भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।



## डीएसपी, संतोष तिवारी, उमाकांती आर्मो का तबादला

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश गृह विभाग ने पुलिस महकमे में प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस आदेश के तहत जबलपुर में पदस्थ दो उप-पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। जबलपुर एसटीएफ में कार्यरत डीएसपी संतोष तिवारी को सीधी जिले में स्थानांतरित किया गया है। उन्हें कुसमी अनुविभाग का नया एसडीओपी नियुक्त किया गया है। वही जबलपुर रेंज में पदस्थ डीएसपी श्रीमती उमाकांती आर्मो का तबादला कर उन्हेपुलिस मुख्यालय, भोपाल स्थित साइबर सेल में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स होंगे शामिल, 500 से अधिक होटल व्यवसायी होंगे शामिल**

# होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन का मेगा ट्रेड फेयर 10 से

**जबलपुर।** होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 2.0- 2026 का आयोजन होटल रॉयल ऑर्बिट में 10, 11, 12 एवं 13 जनवरी को किया गया है। जहां होटल इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग एक ही छत के नीचे जुटेंगे। फेयर में क्रॉकरी, कटलरी, फर्नीचर, आर्किटेक्ट, सर्विसेज, बैडशीट्स, वॉटर सप्लायर्स, इलेक्ट्रिफिकेशन एक्सपर्ट, सोलर कंपनियां, इंटीरियर डिजाइनिंग एक्सपर्ट से जुड़े व्यवसायी रहेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फेयर में कुल 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हैं, वहीं आसपास के करीब 500 से अधिक होटल व्यवसायी इसमें शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष वसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा, ट्रेजरार विनीत गोकलानी, सह सचिव उपनीत छाबड़ा, इवेंट चेयर पर्सन संदीप विजन, वरिष्ठ सदस्यों कमल ग्रोवर, अमित जसूजा, नितिन चंडोक, संजय जैन आदि ने सहभागिता की अपील की है। सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से फेयर के साथ ही एक जिला, एक उत्पाद के अंतर्गत मटर महोत्सव का 11 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में होटलों के साथ गृहिणियों की सहभागिता भी रहेगी। कॉम्पिटीशन में 25 होटल सहभागिता करेंगे।



CHANGE OF NAME
I, Army No. 15382397M Rank HAV (ESM) Name VEERENDRA SINGH S/O LATE PASHUPATI NATH SINGH resident of SAINIK SOCIETY, MAHGAWAN, DUMNA TIRAHA, JABALPUR (MP)-482005 AADHAR CARD NO. 8299 0100 5773 I, have changed name of my DAUGHTER from KUMARI ANJLI (Name as per my Army service records) to ANJALI KUMARI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 5900 0011 1725 AND PAN CARD NO. DPQPA0292L) vide affidavit dated 07/01/2026 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME-ANJALI KUMARI
INCORRECT NAME-KUMARI ANJLI

# विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री सुव्रत बाझल जैन के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री 'श्री सुव्रत बाझल जैन' का विगत शाम प्रथम नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मालवीय चौक पर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और ऊर्जा देखी गई, जहां 'भारत माता की जय' के नारों के साथ पूरा चौक गूंज उठा। स्वागत कार्यक्रम के तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने पूज्य माता बगलामुखी मंदिर पहुंचकर प्रदेश मंत्री के साथ दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्कार पोल, पुष्कर शुक्ला, तुषार पाण्डेय, अथर्व मिश्रा, उदय मिश्रा, तरुण संशा, तेजस्व श्रीवास, शैलेश श्रीवास, आयुष श्रीवास, ऋषभ पटेल, सिद्धांत लोधी, मुहम्मद गयाज़, अक्ष मेश्राम, पवन सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/183
दिनांक :- 06/01/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी पिता स्व. श्री कृष्ण गोपाल द्विवेदी (2) श्रीमती रीता द्विवेदी पति श्री शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने मकान नं. 254 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 945 व.फु., प्रथम तल 800 व. फु., द्वितीय तल 500 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## दिल्ली ने लीग मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025–26 का अंतिम लीग मैच दिल्ली और जलगांव के बीच खेला गया। टॉस जीतकर जलगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 101 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जलगांव की ओर से नवीन सिंह ने सर्वाधिक 21 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। निशांत मावी ने 3 विकेट और वैभव ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। सिद्धार्थ ने 23 रन और तरुण ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली ने मात्र 9.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए निशांत मावी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के निर्णायक के रूप में अनुराग दुबे और अमीन खान ने अपनी भूमिका निभाई।

# सिहोरा में तिपहिया चालकों का आतंक प्रशासन-पुलिस बनी मूकदर्शक



**सिहोरा।** नगर की यातायात व्यवस्था के लिए नासूर बन चुके तिपहिया चालकों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के व्यस्ततम चौराहों और पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में ऑटो चालक बीच सड़क पर वाहन खड़े कर खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सवारियां बैठाने की होड़ में चौराहों पर ऑटो खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। पुराने बस स्टैंड स्थित सिहोरा थाने के आसपास भी तिपहिया चालकों की मनमानी चरम पर है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस बल इस अराजकता पर अंकुश लगाने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे ऑटो चालकों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। रोजाना चौराहे पर ऑटो खड़े होने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। पैदल चलने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। कई बार पुलिस, एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन भी जाम में फंसे नजर आते हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार आने वाले लोग इस अव्यवस्था से खासे परेशान हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में बिना नियमों के, यहां तक कि कम उम्र के चालक भी तिपहिया चलाते नजर आते हैं, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। बावजूद इसके, पुलिस केवल हेलमेट चेकिंग तक सीमित नजर आती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस नियमित रूप से ऑटो चालकों के लाइसेंस, परमिट और बीमा की जांच करे, तो आधे से ज्यादा तिपहिया सड़क से गायब हो जाएंगे और शहर को इस अव्यवस्था से राहत मिलेगी। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सिहोरा की यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

**गोहलपुर में शराब के रुपये बना विवाद, पत्थर पटककर उतारा मौत के घाट**

**12 घंटे में टूटा हत्या का घमंड**

# शराब के 500 रुपये ने ली दोस्त की जान

**हरिभूमि, जबलपुर।** शहर में घटित एक नृशंस हत्याकांड का गोहलपुर पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। गोकलपुर क्षेत्र में युवक आकाश उर्फ अक्कू अहिरवार की पत्थर पटककर की गई हत्या के मामले में पुलिस की त्वरित विवेचना, सटीक रणनीति और जमीनी कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि संगीन अपराध करने वालों के लिए अब बच निकलना आसान नहीं है।

### यह था मामला

घटना मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे सामने आई, जब क्षेत्रीय बस स्टैंड के पीछे रैन बसेरा के सामने सीमेंट रोड पर एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही टीआई गोहलपुर रीतेश पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र को सुरक्षित कर सघन जांच शुरू की। मृतक की पहचान आकाश उर्फ अक्कू अहिरवार (26 वर्ष), निवासी समता कॉलोनी शांति नगर के रूप में हुई, जो पेशे से ऑटो चालक था।

### घर पहुंचा और निकल गया

टीआई पांडे ने बताया कि मृतक की मां कलावती बाई अहिरवार (55 वर्ष) ने पूछताछ में बताया कि उनका बेटा सुबह करीब 5:30 बजे चाय पीने के लिए घर से निकला था। कुछ देर बाद लौटकर वह दोबारा सड़क की ओर जाने की बात कहकर निकला। बाद में जब वह सब्जी लेने कृषि उपज मंडी की ओर जा रही थीं, तब रास्ते में मौजूद युवकों ने बताया कि कुछ लड़के आकाश को जबरन मेट्रो अस्पताल की ओर ले गए हैं। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आकाश सड़क किनारे बस के पीछे औंधे पड़ा था और उसके सिर व चेहरे से खून बह रहा था।

### पत्थर पटककर कर दी हत्या

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देवेंद्र झरिया उर्फ देव उर्फ भोले, निवासी अंबेडकर कॉलोनी (मूल निवासी कटंगी), हिमांशु सोनी (23 वर्ष), निवासी शांति नगर, समता कॉलोनी और आकाश उर्फ अक्कू अंधरा उर्फ सोनी (27 वर्ष) निवासी समता कॉलोनी, आकाश के साथ मारपीट कर रहे थे। हिमांशु सोनी ने पत्थर उठाकर आकाश के सिर पर प्रहार किया, जबकि देवेंद्र झरिया और अक्कू अंधरा ने उसे लात-घूंसे मारे। मां के शोर मचाने पर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर चोटों के कारण आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की गंभीरता को देखते हुए गोहलपुर सीएसपी मधुर पटेरिया, टीआई रीतेश पांडे ने तत्काल टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार दबिश और सुनियोजित कार्रवाई के चलते 12 घंटे के भीतर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**सुबह 4 बजे हुआ विवाद**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मृतक और तीनों आरोपी आपस में दोस्त थे। तड़के करीब 4 बजे आरोपियों ने शराब लाने के लिए आकाश को 500 रुपये दिए थे। आकाश शराब लेकर नहीं लौटा और रुपये भी वापस नहीं किए। इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गया और अंततः आकाश की हत्या कर दी गई।

## कांग्रेस का घंटा बजाकर विरोध

**पनागर।** विधानसभा अंतर्गत बिलपुरा वार्ड क्रमांक 78 में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर कथित रूप से सोई हुई मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने इंदौर में हाल ही में हुई भीषण घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इस हादसे में 16 से अधिक लोगों की मौत से पूरा देश स्तब्ध है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/182
दिनांक :- 06/01/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री राधा मोहन द्विवेदी पिता स्व. श्री कृष्ण गोपाल द्विवेदी (2) श्रीमती नीलिमा द्विवेदी पति श्री राधा मोहन द्विवेदी (3) श्रीमती आशिमा द्विवेदी पति श्री सुजय तिवारी ने मकान नं. 254 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 267+633 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



# चड़ार समाज की जिला कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** चड़ार समाज जिला जबलपुर की जिला कार्यकारिणी का गठन नीरज सिंह विधायक, बरगी विधानसभा क्षेत्र की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष उमाशंकर चड़ार, कार्यवाहक अध्यक्ष बहादुर सिंह चड़ार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजी लाल चड़ार, महासचिव गोपाल चड़ार, सचिव आशीष चड़ार, कोषाध्यक्ष अनिल चड़ार, सहकोषाध्यक्ष शोभाराम चड़ार चुने गए। सुखदेव चड़ार, श्याम सुन्दर चड़ार, कमलेश चड़ार, सुरेश चड़ार, घनश्याम चड़ार, प्रहलाद सिंह, देवकरण चड़ार, हरिशंकर चड़ार, अजय चड़ार, जवाहर चड़ार, संतोष चड़ार, हरयाल चड़ार उपस्थित रहे।

## हर चौराहे पर निःशुल्क शुद्ध पेयजल की मांग, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने नगर निगम जबलपुर के आयुक्त को पत्र सौंपकर शहर के प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर निःशुल्क शुद्ध पेयजल व्यवस्था किए जाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि भीषण गर्मी में राहगीरों, मजदूरों, गरीब वर्ग और आम नागरिकों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर फ्री वाटर सर्विस शुरू होने से आमजन को राहत मिलेगी और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने मांग की कि व्यस्त चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कियोस्क या वाटर कूलर लगाए जाएं। संगठन ने आशा जताई कि नगर निगम इस जनहितकारी मांग पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने समीक्षा बैठक 9 जनवरी को

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार 9 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा, पंचायत (निर्माण), 15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### तेंदुआ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** बहोरीबंद वन परिक्षेत्र के कुआं वृत्त में तेंदुआ देखे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्राम राखी के पास 'रमैया स्थान' पर सड़क किनारे बैठे तेंदुए को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण बुरी तरह डर गए। मंगलवार रात जब कुछ कार सवार सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तब उनकी नजर झाड़ियों के पास बैठे तेंदुए पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर तेंदुए का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पिछले लगभग एक महीने से खेतों में तेंदुए की मौजूदगी महसूस की जा रही थी। कई किसानों ने पहले भी इसे देखने का दावा किया था, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का मुआयना कर पदचिह्नों की पुष्टि की थी। हालांकि, अब सार्वजनिक स्थान और सड़क के इतने करीब तेंदुआ दिखने से खतरा और बढ़ गया है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम के निर्देशन में वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। विभाग ने लाउडस्पीकर और जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को रात में अकेले घर से बाहर न निकलें, पालतू मवेशियों को सुरक्षित और बंद स्थानों पर बांधने एवं जंगल से सटे इलाकों और खेतों की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।

### महापौर ने किया मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन

**कटनी।** नगर निगम के विभागीय कार्यों के सुचारू संपादन एवं नगर विकास को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर-इन-काउंसिल का पुनर्गठन करते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड के पार्षद उमेन्द्र कुमार अहिरवार ओमी को जल कार्य तथा सीवरेज विभाग का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि जनहित के कार्यों को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से करवाने हेतु मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन, संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल का गठन किया गया था। उक्त गठित समिति में सामान्य प्रशासन विभाग में प्रभारी प्रीति संजीव सूरी, लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग में प्रभारी रमेश सोनी, वित्त एवं लेखा विभाग में प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में प्रभारी श्रीमती सुमन राजू माखीजा, यातायात एवं परिवहन विभाग में प्रभारी श्रीमती तुलसा गुलाब बेन, योजना सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मे प्रभारी श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में प्रभारी सुभाष शिब्बू साहू शहरी गरीबी उपशमन विभाग में प्रभारी जयनारायण निषाद तथा राजस्व विभाग में प्रभारी गोविंद चावला को नियुक्त किया गया था।

### तहसील मुख्यालयों में बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से होती है परेशानी

# यात्रियों की मुसीबत: मुख्य मार्गों या तिराहा, चौराहा में खड़ी होती हैं बसें

जिले में विकास कार्यों की फेहरिस्त भले ही बढ़ती जा रही हो लेकिन आज भी ऐसी कई सुविधाएं है जिनसे नागरिक महरूम हैं। जिले की कई तहसीलों में आज तक स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। तहसील मुख्यालयों में स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है बल्कि बसों से सवारियां उतारने व बैठाने के दौरान आवागमन भी बाधित होता है क्योंकि बसों को अक्सर तिराहे, चौराहे, मुख्य मार्ग या फिर अन्य स्थानों में खड़ा करना पड़ता है। बस स्टैण्ड नहीं होने से यात्री भी अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी खड़े होकर बसों के आने की प्रतीक्षा करते रहते हैं। ठंडी, गर्मी व बरसात के दिनों में यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों से जूझना पड़ता है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद कार्यालय बड़वारा के पास मेन रोड में बसें रुकती हैं। बस स्टैंड की मांग स्थानीय जनों द्वारा लंबे अरसे से जनप्रतिनिधियों से की जा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बड़वारा जनपद मुख्यालय से 50 ग्राम पंचायतों के गांव जुड़े हैं। बड़वारा से कटनी जिले के विभिन्न स्थानों के अलावा और शहरों के लिए आना जाना होता है। बड़वारा में बस स्टैंड का वर्षों से अभाव है, गांव में शासकीय जमीन भी उपलब्ध है, बस स्टैंड के लिए प्रस्ताव बना था, तहसीलदार ने निरीक्षण भी किया था लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई। नेशनल हाईवे से जुड़े स्लीमनाबाद में बाजार से लगी सड़क या फिर तिराहे के पास बस स्टॉपेज है। क्षेत्र में भी आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण बस स्टैंड की सुविधा नहीं मिल पाई। बहोरीबंद विधायक के अनुसार बस स्टैंड का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

रीठी, उमरियापान में भी अमूमन सड़क किनारे बसों का रुकना होता है। इन क्षेत्रों में सड़क से बाजार सटे हुए हैं। सड़क पर बसों के खड़े होने से जनता को यातायात समस्या का सामना करना पड़ता है। अन्य वाहनों में ट्रक, मोटरसाइकिल, कार, ऑटो और पैदल निकलना होता है। तहसील क्षेत्रों में बस का सफर शुरुआत से पहले होटल या फिर पेड़ की छाया में प्रतीक्षारत रहता है। स्थानीय प्रशासन अथवा विधायक जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक निधि से यात्रियों की सुविधा के लिए छतनुमा चबूतरा प्रसाधन स्थल का निर्माण भी नहीं करवाया गया है।

कटनी को जिला बनने के दो दशक से भी ज्यादा का समय गुजरने के बाद भी तहसील मुख्यालयों में आम जनता बस स्टैंड की सुविधा से वंचित है। इन तहसीलों से जुड़ी 401 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का रोज आना-जाना बड़वारा, स्लीमनाबाद, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, रीठी में लगभग 200 से अधिक बसों की प्रतिदिन आवाजाही होती है। सुविधाजनक बस स्टैंड न होने के कारण तहसील स्तर के कस्बों में बसें कहीं चौराहों या फिर सड़क किनारे खड़ी होती हैं। यहीं पर लोगों को बसों का इंतजार करना पड़ता है।



## लापता बालक को कटनी स्टेशन से किया दस्तयाब, परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही क्षेत्र से अचानक लापता हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। ग्राम केवलारी निवासी दिव्यराज सिंह 10 वर्ष बरही से 4 जनवरी शाम को लापता हो गया था। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालक/बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशों के पालन में एएसपी संतोष डेहरिया निर्देशन एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बरही निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। बालक की तलाश हेतु टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए। इस दौरान CCTV फुटेज का विश्लेषण, डॉग स्क्वॉड की सहायता, वन विभाग एवं रेलवे विभाग से समन्वय से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 06 जनवरी को बालक कटनी रेलवे स्टेशन पर एक गणमान्य व्यक्ति जो कटनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से बाहर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे जिनके द्वारा सोशल मीडिया में उक्त बच्चे की फोटो देखी थी जो बच्चे को देखकर समझ गए कि यह वही बच्चा है जो बरही से गुम गया है। गणमान्य व्यक्ति के द्वारा बरही थाना में सूचना दी गई। उनको ट्रेन से बाहर जाना था इस कारण आरपीएफ थाने में बच्चे को सुरक्षित बैठाया। बरही पुलिस के द्वारा बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया दस्तयाबी उपरांत बालक को विधिसम्मत कार्यवाही कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव, एसआई विनोद कांत सिंह, प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

*विजयराघवगढ़ महा विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी*

## विद्यार्थियों को दिया गया पंचगव्य निर्माण एवं शस्य विज्ञान का तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सुमन पुरवार एवं अरुण कुमार सिंह के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे दिया गया।



### निर्माण की बताई प्रक्रिया

प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचगव्य बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 5 किलोग्राम, गोमूत्र 3 लीटर, दूध 2 लीटर, दही 2 लीटर, घी 500 ग्राम, गुड़ 500 ग्राम एवं 12 पके हुए केले को प्लास्टिक के ड्रम में 18 दिन तक रखकर दिन में दो बार डंडे से हिलाते हैं। इसके तीन प्रतिशत घोल से बीज एवं जड़ तथा कंद उपचार, फल, पेड़ एवं पौधों तथा फसल पर छिड़काव, बीज भंडारण एवं सिंचाई पानी के साथ खेत में प्रवाहित करके फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए उपयोग करते हैं। इसे खाद बीमारियों से रोकथाम कीटनाशक के रूप में एवं वृद्धि कारक उत्प्रेरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इसे एक बार बनाकर 6 माह तक उपयोग कर सकते हैं।

पंचगव्य के उपयोग से भूमि में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि, भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार, फसल उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि, भूमि में हवा एवं नमी को बनाए रखना, फसल में कीट एवं रोग का प्रभाव कम करना तथा सरल एवं सस्ती तकनीक आदि के पंचगव्य से फायदे हैं।

### इनकी भी दी जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान शस्य विज्ञान के अंतर्गत खरीफ, रबी एवं जायद की फसलों के अंतर्गत अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, रेशे, चारा, शर्करा आदि फसलों की भी तकनीकी जानकारी दी गई।

### महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला आयोजित




नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दो दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला में कई तरह के क्राफ्ट आइटम बनाये गये। इस कार्यशाला में कन्या छात्राओं के साथ – साथ लड़को ने भी बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। बी.एड. एवं डी.एल.एड. के छात्रों को क्राफ्ट आइटम का प्रशिक्षण जबलपुर से आई 2 फाइन आर्ट के प्रशिक्षको प्रियंका और नीतू मैडम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पेंटिंग, जूट बैग, लकड़ी की ट्रे पर आर्ट वर्क, टेबिल क्लाथ पर फेबरिक पेंटिंग, स्टोन आर्ट आदि बनाये गये। छात्र – छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक इन आइटमों को तैयार किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रबंधन और स्टॉफ का सहयोग अति प्रशंसनीय रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या श्रीवास्तव द्वारा जबलपुर के दोनों प्रशिक्षको को धन्यवाद प्रेषित किया, उनके प्रशिक्षण से छात्रों को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ।

## विद्यालयीन शिक्षा जीवन निर्वाह कर सकती है लेकिन धार्मिक शिक्षा जीवन निर्माण भी करती है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बंगला जैन मंदिर से गत दिवस मुनिश्री पदम सागर का विहार हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बंगला जैन मंदिर परिवार एवं बाहुबली कॉलोनी सहित जैन समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इसके पहले बांग्ला जैन मंदिर में सागर पाठशाला से आए बच्चों को मुनिश्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा तो जीवन का निर्वाह कर सकती है, लेकिन जो धार्मिक शिक्षा होती है, वह जीवन का निर्वाह तो करती है लेकिन जीवन के निर्वाह के साथ जीवन के निर्माण को भी प्राप्त कर देती है।



### अभिभावकों से आव्हान

उन्होंने अभिभावकों से आव्हान किया कि बच्चो को पाठशाला भेजें, जिससे वो सीखें, कैसे बैठे, कैसे उठे, कैसे खाएं, कैसे बड़ों से वार्तालाप करें। उन्हें किताबी शिक्षा तो स्कूल में मिल रही है लेकिन व्यवहारिकता की शिक्षा भी जरूरी है, वो सिर्फ पाठशालाओ से ही मिल सकती है। महाराज श्री ने कहा कि यहां हमने चातुर्मास किया। हमने अपने जीवन में ऐसा चातुर्मास नहीं किया, जो कटनी नगर में हुआ। बंगला जैन मंदिर जो हुकुमचंद ने बनवाया वह आज भव्य मंदिर का रूप ले चुका है, इसी परिवार के दामाद सिंगापुर में संत निवास के लिए जमीन और उसमे भवन निर्माण कर देंगे। मंदिर प्रवचन में बंगला मंदिर अध्यक्ष विजय जैन, राकेश जैन कक्का,सुधीश पप्पू जैन, पंचम जैन,विमल जैन राजकुमार जैन, रज्जन जैन,पवन जैन, आराधना जैन, पूर्वी जैन, रोशनी जैन, आभा जैन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सागर से आए भक्त जन कल्पना शास्त्री, अभिलाष जैन, सुनीता वाधवानी, नेहा जैन, शिखा जैन, कविता जैन, विमल जैन, बसंत जैन सहित बड़ी संख्या में सागर पाठशाला से आये बच्चे उपस्थित रहे।



### यातायात नियमो के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही

**स्लीमनाबाद।** सड़क दुर्घटनाओ को रोकने बहोरीबंद पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया सवार चालकों द्वारा सीट बेल्ट धारण करने के संबंध मे वाहन चालकों को यातायात नियमो का पालन करवाने विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की शाम बहोरीबंद के स्लीमनाबाद तिराहा में चेकिंग अभियान चलाया।जहां पुलिस ने यातायात नियमो का पालन न करने वालो के खिलाफ चलानी कारवाई व सख्त निर्देश भी दिए। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने कहा कि हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। इसमे पुलिस का डर नही, लेकिन अपने परिवार वालो से दोबारा मिलने के लिए हेलमेट पहने क्योंकि सड़क हादसों मैं बहुत सी मौतें हेलमेट सिर पर धारण न होने के कारण हो रही है। दो पहिया वाहन चालक के अलावा पीछे बैठने वाले व्यक्ति भी हेलमेट पहने। वही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2025 में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 81 व्यक्तियों पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और न्यायालय इस्तगाशा पेश किए गए जो अभी तक 51 व्यक्तियों पर 5 लाख 53 हजार राशि का जुर्माना किया गया है एवं अन्य प्रकरणों पर कार्यवाही जारी है।

## 15 लीटर कच्ची सहित 54 पाव देशी शराब जब्त, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम जरवाही ,धपई, देवरीसानी में लगातार अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करते हुए 13500 रूपये की अवैध शराब जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार संयुक्त रूप से टीम बनाकर आरोपी विक्की सिंह पिता नागेंद्र उर्फ गुड्डू सिंह 21 साल धपई के कब्जे से 53 पाव, सत्येंद्र बर्मन पिता पवन बर्मन निवासी धपई के कब्जे से 54 पाव कुल 107 पाव अवैध शराब कीमती 10500 रुपये जप्त की गई। इसी तरह सोनू चौधरी पिता स्वर्गीय वीरू चौधरी, सुकून



शर्मा पति स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा निवासी जरवाही एवं रामू बर्मन पिता सुंदरलाल बर्मन निवासी देवरी सानी से कुल 15 लीटर देशी हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 3000 रूपये का जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला ,रमाकांत दुबे ,प्र.आर. मनीष असैया ,गौरव सेन देवेश आरक्षक अरविंद, वकील यादव की मुख्य भूमिका रही।

### पोषण ट्रैकर ऐप पर प्रविष्टियों संबंधी दी जानकारी

## संयुक्त संचालक ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती उषा सोलंकी ने बुधवार को मुड़वारा परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्रों कछगवां, गैतरा, बरखेड़ा 1 एवं बरखेड़ा 2 का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती, मुड़वारा परियोजना अधिकारी विद्या पाण्डेय एवं पर्यवेक्षक ओमी गुप्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती सोलंकी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में संधारित रिकॉर्ड, वजन पंजी, टीएचआर पंजी, निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर की जा रही प्रविष्टियों के सम्बन्ध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।





संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती सोलंकी ने आंगनवाड़ी केंद्रों को बाल मित्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सतीश पटेल, विद्या पाण्डेय, संतोष अग्रवाल, इंद्र कुमार साहू एवं अनुपमा आटे परियोजना अधिकारी गण एवं सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

तदुपरांत श्रीमती सोलंकी ने आसरा बाल गृह कटनी का निरीक्षण किया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बाल गृह के बच्चों हेतु डाइनिंग टेबल भेंट की गई। श्रीमती सोलंकी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जब खून की जरूरत होती है तों हम यह नही देखते किस जाति या वर्ग का है : डीपी यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद डी पी यादव का कटनी पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद दमोह जननायक सुखलाल कुशवाहा की जयंती एवं न्याय यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप कटनी से कई गाड़ियो के काफिले के साथ रवाना हुए। मुख्य रूप से संतोष यादव के नेतृत्व में 150 गाड़ियों के साथ काफिला रैली निकाली गई। इस दौरान रोहन कुशवाहा,संजय हल्दकार, कुंवर सिंह पटेल,कपिल विश्वकर्मा, सुनील कुशवाहा,मुकेश यादव, बृजेश यादव,राजेश हल्दकार ,नरेंद्र कुशवाहा,रामकिंकर पाल,नारायण निषाद, पंकज मौर्या, जगदीप पाल, अश्वनी कुशवाहा ,आशु यादव,योगेश यादव,जगदीश हल्दकार,शरद कुशवाहा,दानिश ख़ान, रमेश साहू सहित हजारों साथी उपस्थित रहे।



### सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए एकजुटता जरूरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डीपी यादव ने सुखलाल कुशवाहा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे निडर, सिद्दातों के प्रति अडिग ओर विचारों की मिशाल थे। समाज के लिए उनके मन बदलाव का जूनून था। उन्होंने कहा कि जब खून की जरूरत होती है तों हम यह नही देखते कि सामने वाला किस जाति या वर्ग का है, वही सामाजिक समरसता का असली रूप है लेकिन वर्तमान नीतियों से ऐसा प्रतीत होता है कि समाज को फिर से गुलामी की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे एकजुट होकर रोकना पड़ेगा। सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए हम सभी को एकजुटता दिखानी पड़ेगी, ताकि कोई भी यह न समझे कि वह अपने अधिकारों की लड़ाई मै अकेले है।

# नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के अनुरूप किया जाए क्रियान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया जाए। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, नगरीय क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ाने, नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा संचालक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कंपनी के प्रबंधकीय, वित्तीय और लेखा परीक्षा तथा अंकेक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। 'नमामि गंगा अभियान' के समान ही 'नमामि नर्मदे परियोजना' पर कार्य आरंभ कर नर्मदा नदी तट की नगरीय बसाहटों के ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार और उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरती जाए।

**खास बातें**

- जनहित में नगरों में निजी निवेश को प्रोत्साहन, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग और अन्य गतिविधियों को प्राथमिकता से करें : डॉ. यादव
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की हुई बैठक

### व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई


संचालक मंडल की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसमें सोलर प्रोजेक्ट्स, हरित बांड, अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के वैकल्पिक उपयोग जैसे नवाचार भी प्रस्तावित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के अंतर्गत ई-नगर पालिका प्रणाली, सीसीटीवी-जीआईएस आधारित निगरानी व्यवस्था, नागरिक सेवा प्लेटफार्म के उन्नयन, टोल संग्रह ई-पोर्टल एवं ऑनलाइन राजस्व संग्रहण जैसी स्मार्ट सिटी प्रणालियां संचालित की जाएंगी।

### 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों के आस-पास के क्षेत्रों के नियोजित विकास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा

बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संजय दुबे, दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, पी नरहरि, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास संकेत भोंडवे तथा कंपनी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेपर लेस बूथ से चुनी जाएगी ग्राम सरकार

**भोपाल।** डिजिटल मतदान प्रक्रिया के लिए पेपरलेस बूथ के नवाचार को मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत उपनिर्वाचन के रिकॉर्ड 77 मतदान केंद्रों पर किया गया। मतदाताओं को इस नवीन प्रक्रिया के बारे में आयोग की ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू द्वारा जागरूक किया गया। सारिका ने इन गतिविधियों की रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त को सौंपी। इस अवसर पर उपसचिव डॉ. सुतेश कुमार शाक्य, प्रियांशी भंवर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ननि में गठित होगी टाउन वेंडिंग कमेटी

**भोपाल।** राज्य सरकार अब नगरीय निकायों में पथ विक्रेताओं के लिए बने पथ विक्रेता अधिनियम 2014 को ध्यान में रखकर टाउन वेंडिंग कमेटियों का गठन निर्वाचन प्रक्रिया से कराने जा रही है। इसको लेकर संचालनालय द्वारा 5 जनवरी को राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं सहित जिला शहरी विकास अभिकरण को पत्र लिखा गया है। बता दे कि देश भर में सड़क किनारे, हाट बाज़ारों, ठेलों पर रोजमर्रा का सामान, सब्जी आदि बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए 2014 में पथ विक्रेताओं की आजीविका संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम लागू किया गया था।

### नगर निगम पर लगाई 35 हजार रुपए पेनाल्टी

**भोपाल।** कंज्यूमर फोरम ने नगर निगम पर 35 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई है। साथ ही हितग्राही को मुआवजे के भुगतान का आदेश दिया है। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय पर आवास न दिए जाने का बताया जा रहा है। हितग्राही ने अरेरा कॉलोनी के 12 नंबर स्थित मल्टी में आवास बुक किया था। 2021 में फ्लैट बुक करने के बाद भी अब तक नगर निगम हितग्राहियों को फ्लैट हैंडओवर नहीं कर पाया। हितग्राही ने कंज्यूमर फोरम में आवेदन लगाया, जिस पर यह पेनाल्टी लगाई गई है। हालांकि इसकी पुष्टि निगम प्रशासन की ओर से नहीं की गई है।

### कांग्रेस की नीति मुस्लिम तुष्टीकरण की: शर्मा

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरजिल इमाम को जमानत न देने को लेकर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर



शर्मा ने दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के पाकिस्तान प्रेम की बात कही। रामेश्वर ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह आप आतंकवादियों को अनेक बार जी लगाकर सम्मान दे चुके हो। इसका मतलब कांग्रेस और दिग्विजय सिंह, उनकी चाटुकारिता की नीति, मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति यह देश को धोखा देने का काम कर रहे हैं। इसलिए हिंदुस्तानियों सतर्क और सावधान हो जाओ। कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह और राहुल गांधी पाकिस्तान के एजेंट के रूप में वो काम कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निरंतरता के लिए 17,196 करोड़ 21 लाख रुपए मंजूर

ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के लिए 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपए

# बुरहानपुर जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,598 करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी

▶▶ सिंचाई परियोजनाओं को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की स्वीकृति


कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रस्तावों पर मंत्रियों से चर्चा करते हुए।

### पीएम जनमन योजना की निरंतरता की स्वीकृति

कैबिनेट ने मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक निरंतरता की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना में अनुमानित व्यय 795 करोड़ 45 लाख रुपए होगा। इसके तहत 1,039 किमी सड़क का निर्माण एवं 112 पुल निर्माण किया जाएगा। यह योजना 22 जिलों में निवासकरने वाली 3 विशेष जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के लिए लागू है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना में अनुमानित व्यय 17,196 करोड़ 21 लाख रुपए खर्च होगा। इसके तहत 20 हजार किमी सड़क और 1200 पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील की झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना लागत 922 करोड़ 91 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

परियोजना से खकनार तहसील के 42 ग्रामों की 17 हजार 700 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी, जिससे 11 हजार 800 कृषक परिवार लाभांवित होंगे। कैबिनेट ने नेपानगर तहसील की नावथा वृहद सिंचाई परियोजना लागत 1,676 करोड़ 6 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी। इस परियोजना से खकनार तहसील के 90 ग्रामों की 34 हजार 100 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी और 22 हजार 600 कृषक परिवारों को लाभ मिलना अनुमानित है।

### सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत सिंचाई परियोजनाओं को त्वरित क्रियान्वयन के लिए नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की ओर से शुरू की गई, वे परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड की ओर से वित्तीय व्यवस्था कर पूर्ण कराया जा रहा हैं, उसका सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का होगा। इन परियोजनाओं में राज्य शासन से बजट प्रावधान के माध्यम से व्यय की गई राशि के समतुल्य अंश पूजी कंपनी की ओर से राज्य शासन को जारी किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्राप्त राजस्व, कंपनी की आय के रूप में ग्रहण किया जाएगा। कंपनी से वर्तमान में 2 परियोजनाएं वित्त पोषित की जा रही है, जिसमें नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना लागत 2,489 करोड़ 65 लाख रुपए और बदनावर माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन परियोजना लागत 1,520 करोड़ 92 लाख रुपए शामिल है।

### ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति

कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के लिए 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता की स्वीकृति प्रदान की गई। योजनांतर्गत अनुमानित व्यय 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपए है। योजना में 88 हजार 517 किमी मार्गों का नवीनीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा।

## कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों को मिले टैबलेट, नवाचार से खुश हुए सदस्य



- पारदर्शिता, समय की बचत के लिए सभी मंत्री नई व्यवस्था का लें लाभ
- मध्यप्रदेश में ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के संबंध में हुआ महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में एक नए नवाचार करते हुए कैबिनेट की बैठक में सभी मंत्रियों को टैबलेट वितरण किया। उन्होंने बताया कि कैबिनेट से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से कैबिनेट की कार्य सूची देखने, ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के जरिए पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन-प्रतिवेदन देखने में सुविधा होगी।

मंत्रालय में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कैबिनेट के सदस्यों और उनके भारसाधक सचिवों को टैबलेट प्रदाय करने की शुरूआत हुई। कैबिनेट के सदस्यों ने टैबलेट प्राप्त किए और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।

### अब कैबिनेट के सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पारदर्शिता और समय की बचत के लिए कैबिनेट के सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे। शुरू में कैबिनेट की बैठक का एजेंडा भौतिक एवं डिजिटल रूप दोनों फार्मेट में भेजा जाएगा, बाद में यह पूर्णता डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। इस पेपरलैस व्यवस्था अर्थात ई-कैबिनेट एप्लीकेशन प्रारंभ होने से फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की बचत हो सकेगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि वर्ष 1960 से लेकर अब तक कैबिनेट के निर्णयों को डिजिटलाइज किया गया है। 2 वर्ष के कैबिनेट के निर्णय एक क्लिक पर देखे जा सकते हैं। बैठक के अंत में प्रेजेंटेशन के जरिए मंत्रियों को टैबलेट के उपयोग को शुरू करने के उद्देश्य बताए गए।

### कलेक्टर सिंह ने किया स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को आनंद नगर हाई सेकंडरी स्कूल एवं ट्रांसपोर्ट नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने हाई सेकंडरी स्कूल में जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रायोजित परीक्षाओं की व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 492 में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम रविशंकर राय, सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास सुब्रा श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग के उपस्थित थे।

### सरकार हर गांव तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी ने मंगलवार को मप्र मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनजातीय बाहुल्य जिलों में सिंचाई परियोजनाओं के जरिए हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मंत्रि-परिषद ने बुरहानपुर जिले के लिए दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन सिंचाई परियोजनाओं से जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों की 51800 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर गांव, गरीब बस्तियों तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी हैं।

## 'नमो ड्रोन दीदी' योजना से आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जाग्रत

# मध्यप्रदेश में 89 नमो ड्रोन दीदियों ने प्राप्त किया सफल पायलट प्रशिक्षण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ की गई 'नमो ड्रोन दीदी' योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बन रही है। यह योजना महिलाओं को आधुनिक ड्रोन तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश में अब तक 89 ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन पायलट का सफल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। नमो ड्रोन दीदियां कृषि कार्यों में उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव जैसी सेवाएं प्रदान कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योजना प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है, जो ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं। प्रदेश में इस योजना का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे कई महिलाएं लाभान्वित होंगी।

### एक हजार महिलाओं को ड्रोन दिलाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजना अंतर्गत प्रदेश में एक हजार से अधिक महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण एवं ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। नमो ड्रोन दीदीयां किसानों के खेतों में आधुनिक तकनीक से उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कर रही हैं, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ रही है और परिचालन लागत कम हो रही है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ महिलाओं को नई आजीविका के अवसर प्रदान कर रही है।

## इंदौर की घटना के बाद जागा प्रशासन

# 14 नगर निगमों के 147 वार्डों में दूषित पानी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंदौर में दूषित पेयजल की आपूर्ति को लेकर मचे हाहाकार के बाद प्रदेश में भी पेयजल आपूर्ति को लेकर शासन अलर्ट हो गया है। सभी नगरीय निकायों को पेयजल की जांच करने निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग को करीब पांच माह पहले 14 नगर निगमों के 147 वार्डों में दूषित पानी की शिकायत मिली थीं। शासन ने कार्ययोजना तैयार कर शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिए थे। इंदौर की घटना को देखते हुए शासन ने निकायों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकायों से उन क्षेत्रों का डेटा मांगा गया था, जहां गर्मी के दिनों में पाइपलाइन सूख जाती है या पानी दूषित



आता है। रायपुर के 21, बिलासपुर के आठ, चरोदा के 14, रिसाली के 13, भिलाई के 23 और दुर्ग के पांच वार्डों में दूषित पानी की शिकायत मिली थी। इन क्षेत्रों में करीब 208.57 किमी लंबी पाइपलाइन के विस्तार और सुधार का लक्ष्य रखा गया था। शासन ने इसे दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया था।

### रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम नहीं

*निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पिछले एक दशक में करीब 12 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। 500 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्टर अभी भी चल रहे हैं। लेकिन, रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था नहीं होने से यह पता नहीं चलता है कि पानी अंतिम छोर तक पहुंच रहा है कि नहीं। पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी भी समय पर नहीं मिलती, जिससे नालियों का गंदा पानी पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंच रहा है। अधिकारियों का दावा है कि पेयजल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता। जल की आपूर्ति से पहले और बाद में तीन स्तरों पर जांच की जाती है। इसमें स्रोत स्तर, टंकी स्तर और वितरण स्तर पर पानी की नियमित जांच शामिल है।*

## योजना में अब तक 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

# मप्र सरकार की समाधान योजना के अंतर्गत अब 31 जनवरी 2026 तक मिलेगा सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम



चरण की अवधि में विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 383 करोड़ 96 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 210 करोड़ 89 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं, जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### समाधान योजना 2025-26 : एक नजर में


समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है, जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम हो जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। इसके बाद द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, दूसरे चरण में 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के लिए **portal.mpcz.in** पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

# मोपका सब स्टेशन में भीषण आग, आधा शहर अंधेरे में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के मोपका स्थित 132/33 केवी विद्युत सब स्टेशन में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में सब स्टेशन परिसर धुएं और ऊंची लपटों से घिर गया।

इस घटना का सीधा असर शहर की बिजली आपूर्ति पर पड़ा और बिलासपुर के आधे से अधिक हिस्सों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय सब स्टेशन से तेज आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद आग की लपटें उठने लगीं। आग सबसे पहले ट्रांसफार्मर और उससे जुड़े विद्युत उपकरणों तक फैली,



जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और प्रशासनिक अमला भी तुरंत सब स्टेशन पहुंचा। आग बुझाने के लिए लगातार पानी और फोम का उपयोग किया गया।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अनुमान जारी किया

# विनिर्माण क्षेत्र के दम पर 2025-26 में जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ने की संभावना है जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत थी। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। बुधवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले 6.4 प्रतिशत थी। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

### सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.1 फीसदी आंकी गई

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र में जीवीए के आधार पर वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024-25 में 4.5 प्रतिशत थी। वहीं, सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत आंकी गई है, जो पिछले वर्ष 7.2 प्रतिशत रही थी। हालांकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले 4.6 प्रतिशत थी।

- सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के दम पर होगी अर्थव्यवस्था मजबूत
- पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी
- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में




### वास्तविक जीडीपी बढ़कर 201.90 लाख करोड़ रहेगी

एनएसओ ने कहा कि स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीडीपी 2025-26 में बढ़कर 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में यह 187.97 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार 2025-26 में आठ प्रतिशत बढ़कर 357.14 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2024-25 में 330.68 लाख करोड़ रुपये थी।

### जीडीपी 3.97 लाख करोड़ डॉलर रहने का अनुमान

अमेरिकी डॉलर के लिहाज से भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.97 लाख करोड़ डॉलर रहने का अनुमान है। इसके लिए एक डॉलर का मूल्य 90 रुपये आंका गया है। एनएसओ का यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 7.3 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

### केंद्रीय बजट में 10.1 फीसदी वृद्धि का अनुमान

हालांकि सरकार ने फरवरी 2025 में पेश किए गए केंद्रीय बजट में 10.1 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। प्रथम अग्रिम अनुमानों का इस्तेमाल आम तौर पर केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाता है। वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

### गोल्डमैन ने 2026-27 के लिए 6.8 फीसदी का अनुमान जताया

विदेशी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन शैक्स ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.3 प्रतिशत दर से कम होगी। गोल्डमैन शैक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई बढ़ने की आशंका को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास आगे ब्याज दरों में कटौती की सीमित गुंजाइश बचेगी। रिपोर्ट कहती है, 'हमें वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'

## व्यापार अनिश्चितता से शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 102 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 38 अंक नुकसान में रहा।

वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने को लेकर चिंताओं के बीच कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी बाजार प्रभावित हुआ। हालांकि, उन्होंने कहा कि चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने शेयर बाजार को सहारा दिया। बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक टूटकर 84,961.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 445.85 अंक यानी 0.52 प्रतिशत गिरकर 84,617.49 पर आ गया था।

निफ्टी 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,140.75 अंक पर रहा। वैश्विक संकेतों की मिली-जुली छाप और भू-राजनीतिक चिंताओं का गहरा प्रभाव बना रहा।

## आधे से अधिक भारतीय कॅरियर के लिए विदेश जाने के इच्छुक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पैसा कमाने के लिए विदेश जाने का मजबूत रुझान देखा गया
- 52 प्रतिशत ने समय के साथ विदेश जाने की जगह बदली

बेहतर करियर एवं पैसे कमाने के लिए भारत से विदेश जाने का मजबूत रुझान देखा गया। एक सर्वेक्षण में आधे से अधिक प्रतिभागियों ने विदेश जाने के बारे में सोचा या वे इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत रहे।

एआई-सक्षम वैश्विक प्रतिभा आवाजाही मंच टर्न ग्रुप के हाल के एक सर्वेक्षण में 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने विदेश जाने पर विचार करने या इसकी सक्रिय तैयारी करने की बात कही। यह सर्वेक्षण देशभर में करीब 8,000 लोगों से बातचीत पर आधारित है। वित्तीय विकास भारत से बाहर जाने का सबसे बड़ा कारण बनकर उभरा। करीब 46 प्रतिशत लोगों ने इस वजह से विदेश जाने की मंशा जताई। इसके बाद बेहतर करियर की तलाश के लिए 34 प्रतिशत लोग विदेश जाने को तैयार दिखे। इसके अलावा व्यक्तिगत सपने और वैश्विक अनुभव भी क्रमशः नौ प्रतिशत और चार प्रतिशत उत्तरदाताओं के लिए कारण रहे। रिपोर्ट कहती है कि विदेशी प्रवास को लेकर भारतीयों की पसंद में भी बदलाव आ रहा है। करीब 52 प्रतिशत लोगों ने समय के साथ अपनी पसंदीदा जगह बदली है, जबकि 43 प्रतिशत ने अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए स्पष्ट प्राथमिकता जताई। जर्मनी 43 प्रतिशत लोगों की पसंद के साथ सबसे आगे रहा।

इसके बाद ब्रिटेन 17 प्रतिशत, जापान नौ प्रतिशत और अमेरिका चार प्रतिशत लोगों की पसंद रहा। विदेश जाने की इच्छा रखने वाली भारतीय नर्सों के रुझान में क्षेत्रीय विविधता भी देखने को मिली। विदेश जाने वाली 61 प्रतिशत नर्सें प्रमुख महानगरों से बाहर से संबंधित हैं जबकि दिल्ली-एनसीआर से 17 प्रतिशत नर्सों ने विदेश जाने की बात कही।


**कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

Main Road Saikhenda Phone-07791-250320 E-Mail Address- cmosaikheda@mpurban.gov.in ,

पत्र क्रमांक 07/ई- टेण्डर/2025-26 — **निविदा सूचना** — साईखेड़ा दिनांक 05/01/2026

कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा द्वारा निकाय की आवश्यकता हेतु 01 नग मिनि फायर बिग्रेड वाहन टाटा 712 या अन्य समकक्ष चेचिस पर दिये गये स्पेशिफिकेशन मय फेब्रिकेशन सहित प्रदाय करने हेतु पंजीकृत फर्म/प्रदायकर्ता/ निर्माताओं/ फ्रेबीकेटर्स से निविदा फार्म स अंतर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_468914_1 05.01.2026 | नगर परिषद सांईखेड़ा हेतु मिनि फायर वाहन प्रदाय कार्य। (स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 01 माह 2500000.00 | 5000.00 25000.00 | 10/02/2026 |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन http://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष, नगर परिषद साईखेड़ा — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद साईखेड़ा


- एआई आधारित इंटरैक्टिव इंटरफेस लाने की और अग्रसर
- टीवी देखने का अनुभव पूरी तरह बदल रहा

## सैमसंग को इस साल अगली पीढ़ी के एआई टीवी लाने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

सैमसंग को उम्मीद है कि 2026 उसके लिए बेहद अहम साबित होगा। दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक कंपनी हाल ही में पेश किए गए अगली पीढ़ी के एआई-आधारित 'इंटरैक्टिव इंटरफेस' के साथ दर्शकों के अनुभव को फिर से परिभाषित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के 'वीडी बिजनेस' के अध्यक्ष एसडब्ल्यू योंग ने कहा कि यह दर्शकों के टीवी देखने के अनुभव को पूरी तरह से बदल रहा है जहां पहले केवल टीवी देखना मकसद होता था, अब उपयोगकर्ताओं के साथ सीधे संवाद पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। योंग ने कंज्यूमर टेक्नोलॉजी एसोसिएशन (सीटीए) द्वारा आयोजित प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 'सीईएस 2026' के एक सत्र में यह बात कही।



*कंपनी प्रीमियम टीवी खंड में अग्रणी भूमिका निभाएगी : कंपनी ने कहा कि वह 'सीईएस@2026' में हाल ही में पेश किए गए माइक्रो आरजीबी टीवी और ओएलईडी टीवी के माध्यम से प्रीमियम टीवी खंड में अग्रणी भूमिका निभाएगी। उसे उम्मीद है कि उसके मिनी एलईडी टेलीविजन अल्ट्रा-लार्ज डिस्प्ले के साथ प्रीमियम टीवी प्रौद्योगिकी तक पहुंच को बढ़ाएंगे जिससे मनोरंजन का अनूठा अनुभव और भी बेहतर होगा।*

## एसबीआई के एटीएम की देखरेख सीएमएस करेगी

**मुंबई।** नकदी प्रबंधन पर केंद्रित सीएमएस इंफो सिस्टम्स को एसबीआई से उसके 5000 एटीएम की देखरेख करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि उसे एक जनवरी 2026 से 10 साल का ठेका मिला है। इसमें प्रबंधित सेवाएं, नकदी दक्षता में सुधार और एटीएम की कार्यक्षमता में वृद्धि शामिल है जिससे लाखों बैंक ग्राहकों को लाभ होगा। सीएमएस के मुख्य व्यापार अधिकारी अनुष राघवन ने कहा कि इस ठेके से राजस्व में 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होगी। यह दीर्घकालिक अनुबंध लाखों उपभोक्ताओं को निर्बाध स्व-सेवा बैंकिंग के साथ स्थिरता एवं उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेगा।''


**सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त क्रमांक/पुमु/2/चयन/स-1/14/2026 भोपाल दिनांक 07.01.2026 के अनुसार सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग परीक्षा-2025 **हेतु उभयलिंगी अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु तीन दिवस के लिए आवेदन** पोर्टल खोला जा रहा है, जिसकी तिथियां निम्नानुसार हैं :-

**केवल उभयलिंगी अभ्यर्थियों हेतु**

| स. क्र. | आवेदन पत्र भरने की तिथि | संशोधन हेतु तिथि |
|---|---|---|
| 1. | 08.01.2026 से 10.01.2026 | 08.01.2026 से 11.01.2026 |

शेष शर्तें/जानकारी पूर्वानुसार यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्र. 96/2026

संचालक
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल**
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
''चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं. 1, भोपाल- 462011
म.प्र. माध्यम/123881/2026


## अमेरिका को वेनेजुएला से तीन से पांच करोड़ बैरल तेल मिलेगा : ट्रंप

- अंतरिम प्रशासन उच्च गुणवत्ता वाला तेल उपलब्ध कराएगा
- तेल जहाजों द्वारा सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा



एजेंसी ▶▶| कारकस (वेनेजुएला)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला में 'अंतरिम प्रशासन' अमेरिका को बाजार मूल्य पर तीन से पांच करोड़ बैरल ''उच्च गुणवत्ता'' वाला तेल उपलब्ध कराएगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि तेल जहाजों द्वारा सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में धन पर उनका नियंत्रण होगा लेकिन इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के लाभ के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' वेनेजुएला के संबंध में तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ ओवल ऑफिस में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित करेगा। इसमें एक्सॉन, शेवरॉन और कोनोको फिलिप्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। मामले से परिचित एक व्यक्ति ने नाम उजागर न करने की शर्त पर उक्त जानकारी दी। तेल की कीमत करीब 56 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है जिससे ट्रंप द्वारा मंगलवार देर रात घोषित किया गया यह सौदा 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक का हो सकता है।

### अमेरिका की औसतन प्रतिदिन खपत दो करोड़ बैरल

अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, अमेरिका औसतन प्रतिदिन करीब दो करोड़ बैरल तेल एवं संबंधित उत्पादों की खपत करता है। इसलिए वेनेजुएला से आने वाली यह खेप लगभग ढाई दिन की आपूर्ति के बराबर होगी।

## श्याम स्टील ने हरमनप्रीत को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**कोलकाता।** टीएमटी सरिया बनाने वाली श्याम स्टील ने बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी के डिजिटल घर निर्माण सहायता मंच से जुड़ेंगी सामग्री चुनने, निर्माण कराने और



## बैंकों के लिए लाभ का 75% लाभांश वितरण का प्रस्ताव




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों द्वारा शेयरधारकों को दिए जाने वाले लाभांश की सीमा तय करने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत कोई भी बैंक अपने शुद्ध लाभ के 75 प्रतिशत से अधिक लाभांश नहीं दे पाएगा। रिजर्व बैंक ''लाभांश'' को इक्विटी शेयरों पर देय राशि के रूप में परिभाषित करता है और इसमें अंतरिम लाभांश शामिल है।


**कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ. ग.)**
EmailID :- cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/953 /न.पं.भ. /लो.नि.वि./2025-26 — **E-Procurement Tender Notice [3rd Call]** — भटगांव, दिनांक 06/01/2026

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| Sl. No. | SYSTEM TENDER NO: | Description | EMD/Cost of Tender Form/TDR/FDR |
|---|---|---|---|
| 1 | 182939 | Desion Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Bhatgaon under SBM 2.0 | Rs. 205.07 LAC Rs. 150000 /- |

उपरोक्त कार्य के सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)



**प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चन्द्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिण्डौरी, म.प्र.**

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एम.पी.ई. टेण्डर पोर्टल पर पंजीकृत फर्म से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा व भरा जा सकता है। निविदा प्रकाशन उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही उपलब्ध रहेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। विद्यार्थी बस सेवा का निविदा प्रपत्र ऑफलाइन महाविद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है (मो.नं. 8291339291)

| क्र. | टेण्डर का नाम | टेण्डर आई.डी. | ईएमडी राशि एवं टेण्डर फीस | जारी दिनांक | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी बस सेवा | 03/निविदा/2026 | 25000/- &1000/- | 03/01/206 | 27.01.2026 सायं 5:00 बजे तक |
| 2 | प्रयोगशाला उपकरण | 2026_HED _472367_1 | 30000/- &1000/- | 01/01/206 | 22.01.2026 सायं 5:00 बजे तक |
| 3 | खेल सामग्री | 2026_HED _472352_1 | 15000/- &1000/- | 01/01/206 | 21.01.2026 सायं 5:00 बजे तक |

प्राचार्य
शास.च.वि.स्नातको महावि. डिण्डौरी



**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/113/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in" पर ''ई'' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्र | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 30251537 | रबर PAD फॉर प्राइमरी सस्पेंशन फॉर FIAT IR बोगी | 7297नं. | 29/01/2026 |
| 2. | 81255507 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ Joggled फिश प्लेट्स 60kg रेल्स विथ डबल "D" होल | 21112 पेअर | 29/01/2026 |
| 3. | 40252745C | इमरजेंसी बैटरी चार्जर फॉर EOG टाइप | 334 नं. | 02/02/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
हस्ता
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/2977/मु.स्था./25-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना/(EOI)** — कटनी, दिनांक 26/12/2025

नगरपालिक निगम कटनी में विभिन्न कार्यो हेतु मेन पावर / श्रमिकों / व्यक्तियों (उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल) की आउटसोर्स के माध्यम से व्यवस्था कराये जाने हेतु पंजीकृत / फर्म / एजेंसियों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयवाधि एवं लागत रुपए में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए में एवं अमानत | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 471213_1 | समय-समय पर आवश्यकता अनुसार विभिन्न कार्य हेतु मेन पावर / श्रमिक / व्यक्ति (उच्चकुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल) उपलब्ध कराये जाने बावत । | 12 माह 8.20 करोड़ | 50,000/- 4,10,000/- | 29/01/2026 |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते हैं। (2) निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा, यद्यपि उक्त वेबसाईट में प्रकाशन किया जायेगा । (3) प्री-विड मीटिंग दिनांक 12/01/2026 को दोपहर 03:00 बजे नगर निगम कटनी कार्यालय में आयोजित की गई है। (4) मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग के पत्र क्र. सी / 1182 / 2023ए-16 भोपाल दिनांक 07.08.2023 एवं समय- समय पर प्रसारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

(कार्यपालन यंत्री)
वास्ते - आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी


## 2026 में सेंसेक्स के 93,918 अंक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं और शेयर बाजार में ऊंचे मूल्यांकन के बीच बीएसई का प्रमुख मानक सूचकांक सेंसेक्स वर्ष 2026 के अंत तक 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। संपत्ति प्रबंध कंपनी क्लाइंट एसोसिएट्स (सीए) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, सेंसेक्स दिसंबर, 2026 तक अपने मौजूदा स्तर 84,805 के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। कंपनी ने अपनी वार्षिक इक्विटी आकलन रिपोर्ट में कहा कि बहुत अधिक उतार-चढ़ाव वाले मौजूदा बाजार परिवेश में सोना और चांदी निवेश पोर्टफोलियो के लिए अहम संतुलनकारी संपत्ति बनकर उभर रहे हैं।

### पिछले साल धातुओं का मजबूत प्रदर्शन रहा

क्लाइंट एसोसिएट्स फर्म अमीर और बेहद अमीर निवेशकों के लिए सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य की संपत्ति का प्रबंधन करती है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में कीमती धातुओं का प्रदर्शन मजबूत रहा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO NO.738 Date 07/01/2026 Tender Id no.- 2026_ UAD_473339_1 | संभाग क्रमांक 09 लालमाटी अंतर्गत सेठ गोविंददास वार्ड क्रमांक 47 में छोटी संतोषी माता मंदिर से मच्छू होटल मेन रोड की ओर तक नाला निर्माण कार्य (2nd Call) | 04 माह 19.20/- | 2000/- 14,400/- | 27/01/2026 |
| 2. | PRO NO.738 Date 07/01/2026 Tender Id no.- 2026_ UAD_473339_2 | संभाग क्रमांक 09 लालमाटी अंतर्गत सिद्धबाबा वार्ड क्रमांक 48 शिवशक्ति मंदिर हनुमान होटल के पास एवं साहू मोहल्ला में नाला निर्माण कार्य। (3rd Call) | 03 माह 14.85/- | 2000/- 11,140/- | 27/01/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर



**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण — कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**

बालाघाट जिले के विकासखण्डो के ग्रामों में 150 एम. एम. व्यास 120 मीटर गहरे साधारण नलकूप खनन कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" ( प्रतिशत दर) मे एम. पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य अनुमानित लागत राशि रुपए (लाख में) | धरोहर राशि अर्नेस्ट मनी (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने समय अवधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2023_PHED_472725_1 | 15/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन |
| 2023_PHED_472731_1 | 16/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472735_1 | 17/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472737_1 | 18/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472743_1 | 19/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472750_1 | 20/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472758_1 | 21/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |
| 2023_PHED_472764_1 | 22/02.01.2026 | 22.72 | 45450/- | 5000/- | 2 माह | 19.01.2026 | 21.01.2026 | |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है । नोट :-1-सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल http://mptenders.gov.in में पंजीयन करायें । 2-निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही क्रय किये जा सकतें है । विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

G-24060/25







# हर भारतीय की ओर से हम विश्व कप विजेताओं का सम्मान करते हैं : श्रीमती नीता एम. अंबानी

**मुंबई।** श्रीमती नीता एम. अंबानी ने सोमवार को मुंबई में आयोजित यूनाइटेड इन ट्रायम्फ के दूसरे संस्करण को भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों—पुरुष, महिला और नेत्रहीन महिला टीम—के लिए हर भारतीय की ओर से धन्यवाद बताया।

श्रीमती अंबानी ने कहा, "मुझे लगता है कि हम नए साल की शुरुआत एक बेहद विशेष अवसर के साथ कर रहे हैं। भारत की तीनों क्रिकेट टीमें—पुरुष क्रिकेट टीम, महिला क्रिकेट टीम और नेत्रहीन क्रिकेट टीम—आज एक ही छत के नीचे मौजूद हैं और हर भारतीय की ओर से हम उन्हें इतना आनंद और खुशी देने के लिए सम्मानित करने जा रहे हैं।" खेल की विशिष्ट शक्ति और उसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर बोलते हुए श्रीमती अंबानी ने कहा, "खेल दिलों को और भारत को जोड़ता है। आज हम विजय में एकजुट हैं। हम इनका जश्न मनाने जा रहे हैं और इनकी जीत का उत्सव मनाएंगे।"

इस समारोह के केंद्र में भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों के कप्तान—रोहित शर्मा, हरमनप्रीत कौर और दीपिका टीसी—रहे, जिनके नेतृत्व, दृढ़ता और विश्वास ने ऐतिहासिक जीतों को आकार दिया और पूरे देश को प्रेरित किया। इस अवसर पर तीनों विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी—जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और गंगा कदम—की भी उपस्थिति रही। साथ ही क्रिकेट जगत की महान हस्तियां सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और रविचंद्रन अश्विन, ओलंपिक और पैरालंपिक दिग्गज मुरलीकांत पेटकर, दीपा मलिक और देवेंद्र झाझरिया, तथा भारतीय सिनेमा की प्रमुख शख्सियतें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान भी मौजूद रहीं, जिससे भारत के सबसे प्रशंसित प्रतीकों का एक दुर्लभ और प्रभावशाली संगम देखने को मिला। यूनाइटेड इन ट्रायम्फ खेल को उत्कृष्टता, समावेशन और एकता की शक्ति के रूप में देखने की श्रीमती अंबानी की सोच को दर्शाता है। यह पहल केवल जीत का ही नहीं, बल्कि उन मूल्यों और उद्देश्य का भी उत्सव है जो भारत की खेल यात्रा को परिभाषित करते हैं।

## रियलमी ने लॉन्च की रियलमी 16 प्रो सीरीज़




**जबलपुर।** भारतीय युवाओं के लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में रियलमी 16 प्रो सीरीज़ लॉन्च की। इस सीरीज़ में रियलमी 16 प्रो+ और रियलमी 16 प्रो शामिल हैं, जो दमदार परफॉर्मेंस, प्रीमियम डिज़ाइन और एडवांस पोर्ट्रेट इमेजिंग के साथ पेश किए गए हैं। सीरीज़ की खासियत इसका 200 मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा है, जो फ्लैगशिप-लेवल फोटोग्राफी अनुभव देता है। रियलमी 16 प्रो+ में 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस, 120एक्स सुपरज़ूम, 4के एचडीआर वीडियो और एआई-पावर्ड एडिटिंग फीचर्स दिए गए हैं। वहीं रियलमी 16 प्रो भी शानदार पोर्ट्रेट कैमरा और फुल फोकल लेंस किट के साथ आता है। डिज़ाइन के मामले में, सीरीज़ में जापानी डिज़ाइनर नाओतो फुकासावा से प्रेरित अर्बन वाइल्ड डिज़ाइन अपनाया गया है। दोनों स्मार्टफोन IP69 वाटर और डस्ट रेज़िस्टेंस, 7000mAh बैटरी और हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले के साथ आते हैं। रियलमी 16 प्रो+ में स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 चिपसेट जबकि रियलमी 16 प्रो में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300-मैक्स प्रोसेसर दिया गया है। इसके साथ कंपनी ने रियलमी बड्स एयर8 और स्टूडेंट्स के लिए रियलमी पैड 3 भी पेश किया। रियलमी 16 प्रो+ की शुरुआती कीमत 39,999 रुपये और रियलमी 16 प्रो की 31,999 रुपये है। ये डिवाइस रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। लॉन्च ऑफर्स के तहत बैंक डिस्काउंट, नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज बोनस भी दिए जा रहे हैं।

## एक्सिस बैंक ने SPLASH 2025 का सफल आयोजन किया

**जबलपुर।** देश के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में शामिल एक्सिस बैंक ने अपनी वार्षिक कला, क्राफ्ट और साहित्य प्रतियोगिता **SPLASH** 2025 का सफल आयोजन किया। यह प्रतियोगिता का 13वां संस्करण रहा, जिसमें देशभर के 995 से अधिक स्कूलों के 2.66 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया।



एक्सिस बैंक की ब्रांड सोच 'दिल से ओपन' से प्रेरित इस वर्ष की थीम '**Dreams**' रही। पश्चिमी क्षेत्र में मुंबई, ठाणे, पुणे, भोपाल, सागर और जबलपुर सहित 224 स्कूलों के 45,000 से अधिक छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की गई—7 से 10 वर्ष के लिए 'मेरे सपनों की जिंदगी का एक दिन' और 11 से 14 वर्ष के लिए 'जैसा भविष्य मैं सपनों में देखता/देखती हूं'। इसी अवसर पर एक्सिस बैंक ने '**AI Dream Generator**' नामक एक इंटरैक्टिव डिजिटल टूल भी लॉन्च किया। प्रतियोगिता में 6 राष्ट्रीय विजेता और 6 उपविजेता चुने जाएंगे। विजेताओं को 1 लाख रुपये, उपविजेताओं को 50,000 रुपये, दुबई में विशेष वर्कशॉप तथा बेंगलुरु के **MAP** म्यूज़ियम में कलाकृतियों के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इसके अलावा शीर्ष 400 प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

## फैशन टूर ने अपने दमदार स्टाइल से खींचा ध्यान

**जयपुर।** प्राइड फैशन टूर की शुरुआत जयपुर में मोटरकोर थीम पर आधारित शानदार फैशन शो के साथ हुई, जिसने हाई फैशन और मोटरस्पोर्ट के अनोखे संगम से फैशन की नई दिशा दिखाई।



डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने रेसिंग से प्रेरित बोल्ड सिल्हूट्स के जरिए मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए अंदाज़ में पेश किया। शो के समापन पर बॉलीवुड स्टार हरनाज़ संधू शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर उतरीं और आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। तीन लैप वाले रनवे और रफ्तार से भरपूर प्रदर्शन ने पूरे वेन्यू को ऊर्जा और स्टाइल के जीवंत केंद्र में बदल दिया। यह टूर फैशन की दुनिया में 'नेक्स्ट मूव' का सशक्त संकेत बनकर उभरा।

## भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 का आयोजन 27 से 30 जनवरी तक गोवा में


**गोवा।** भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 (इंडिया एनर्जी वीक-2026) का आयोजन 27 से 30 जनवरी 2026 तक गोवा में किया जाएगा। यह चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के मंत्रियों, सीईओ, नीति-निर्माताओं, वित्तीय संस्थानों, शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा। सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा सुदृढ़ करने, निवेश बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन घटाने के व्यावहारिक उपायों पर मंथन होगा।




पिछले आयोजनों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस बार 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी की उम्मीद है। सम्मेलन का आयोजन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में एफआईपीआई और डीएमजी इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। इसमें स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन, इथेनॉल कार्यक्रम, ऊर्जा अवसंरचना, मूल्य स्थिरता और उपभोक्ता संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष सत्र होंगे। मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठकें, सीईओ डायलॉग्स, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और विस्तृत प्रदर्शनी के साथ इंडिया एनर्जी वीक-2026 भारत को वैश्विक ऊर्जा संवाद के प्रमुख केंद्र के रूप में और मजबूत करेगा।

## वैज्ञानिकों ने बनाया अद्भुत क्वांटम पदार्थ! दो सेकंड में खुला नया विज्ञान का रहस्य

**एम्स्टर्डम।** वैज्ञानिकों ने डाइपोलर बोस-आइंस्टीन कंडेन्सेट बना कर दो सेकंड तक क्वांटम कणों की स्थिर इकाई बनाई, जिससे क्वांटम पदार्थ और उनकी नई संरचनाओं का अध्ययन संभव हुआ है। यह खोज क्वांटम मैकेनिक्स और कंडेन्स्ड मैटर फिजिक्स में नई दिशा खोलती है।



1920 के दशक में सत्येंद्र नाथ बोस और अल्बर्ट आइंस्टीन ने बोस-आइंस्टीन कंडेन्सेट का विचार दिया था। उन्होंने कहा था कि यदि कणों को शून्य के करीब तापमान पर ठंडा किया जाए, तो वे एक ही क्वांटम अवस्था में मिल सकते हैं। 1990 के दशक में कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगात्मक रूप से साबित किया है। तब से बीईसी क्वांटम मैकेनिक्स की बुनियादी समझ के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। हाल ही में, नीदरलैंड्स की रैडबाउड यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों के सहयोग से वैज्ञानिकों ने एक नई तरह का बीईसी बनाया है। इसमें सोडियम और सीजियम के दो परमाणु मिलकर डाइअटोमिक अणु बनाते हैं, और इसे शून्य के केवल पांच नैनोकेल्विन ऊपर तापमान पर बनाया गया है। इस नए कंडेन्सेट की खासियत इसका डाइपोलर होना है, यानी अणुओं में सकारात्मक और नकारात्मक चार्ज दोनों होते हैं, जिससे वे क्वांटम सिस्टम में आसानी से कंट्रोल और आपस में बातचीत कर सकते हैं।


## खोज

### पैरों के नीचे रेंग रही अनजान दुनिया!

# मिजोरम की पहाड़ियों में 15 साल से छिपी सांप की नई प्रजाति

**नई दिल्ली।** मिजोरम की पहाड़ियों से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां वैज्ञानिकों ने सांप की एक नई प्रजाति खोजी है। यह करीब 15 साल तक इंसानी नजरों से छिपी रही। लंबी रिसर्च और डीएनए जांच के बाद इस सांप को नई प्रजाति के रूप में मान्यता दी गई है। इसका नाम कैलामेरिया मिजोरामेंसिस रखा गया है। यह खोज नॉर्थईस्ट भारत की जैव विविधता को समझने में बेहद अहम मानी जा रही है।

मिजोरम के घने जंगलों और पहाड़ियों में आज भी ऐसे कई जीव मौजूद हैं, जिनके बारे में इंसान बहुत कम जानता है। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों को एक ऐसा सांप मिला है जिसे अब तक कोई पहचान नहीं पाया था। यह सांप जमीन के नीचे रहने वाला, रात में निकलने वाला और आकार में बेहद छोटा है। इसी वजह से यह सालों तक लोगों और वैज्ञानिकों की नजरों में नही आया था।





### कहां और कैसे मिली नई प्रजाति

इस सांप की कहानी साल 2008 से शुरू हुई, उस समय मिजोरम यूनिवर्सिटी के कैंपस में इसका पहला नमूना मिला था। शुरुआत में वैज्ञानिकों को लगा कि यह दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली किसी जानी-पहचानी प्रजाति से जुड़ा होगा। जब इसकी गहराई से जांच की गई तो मामला अलग ही निकला। बता दें कि प्रोफेसर एच.टी. लालरेमसांगा और उनकी टीम ने मिजोरम के कई इलाकों जैसे आइजोल, रेइक, सिहफिर, सॉलेन्ग, मामित और कोलासिब से इसके सैम्पल्स जुटाए। इसके बाद भारत के साथ-साथ रूस, जर्मनी और वियतनाम के वैज्ञानिकों ने मिलकर इसका डीएनए टेस्ट किया। करीब 15 साल की मेहनत के बाद साफ हुआ कि यह सांप अपनी नजदीकी प्रजातियों से करीब 15 फीसदी तक अलग पाया गया। यहीं से यह तय हो गया कि यह एक बिल्कुल नई प्रजाति है।

### क्या है कैलामेरिया मिजोरामेंसिस

नई प्रजाति का नाम मिजोरम राज्य के नाम पर कैलामेरिया मिजोरामेंसिस रखा गया है। यह रीड स्नेक यानी कैलामेरिया परिवार से जुड़ा है। इस जीन्स में दुनिया भर में अब तक 69 प्रजातियां जानी जा चुकी हैं। ये सभी बहुत छिपकर रहने वाली होती हैं। कैलामेरिया मिजोरामेंसिस का आकार काफी छोटा होता है। इसकी लंबाई करीब 20 से 30 सेंटीमीटर के बीच पाई गई है। इसका शरीर पतला और चिकना होता है। रंग भूरा-ग्रे जैसा है और आंखें भी काफी छोटी होती हैं। इस सांप से इंसानों के लिए बिल्कुल खतरनाक नहीं है।

### संरक्षण की जरूरत

वैज्ञानिकों का कहना है कि जंगलों की कटाई और इंसानों की एक्टिविटी से ऐसी गुप्त प्रजातियों पर खतरा बढ़ रहा है। अगर समय रहते संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो कई अनजाने जीव हमेशा के लिए गायब हो सकते हैं। बता दें कि इस खोज से सिर्फ एक नए सांप की पहचान तक सीमित नहीं है। इससे मिजोरम और पूरे नॉर्थईस्ट भारत की जैव विविधता को नई पहचान मिली है। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने मिजोरम में पाए जाने वाले उभयचरों और सरीसृपों की एक नई सूची भी तैयार की है। इसमें कुल 169 प्रजातियां दर्ज की गई हैं। जिनमें 52 उभयचर और 117 सरीसृप शामिल हैं।

## दिव्यांग बच्चे के इलाज के पैसे दे रही थी मां डॉक्टर ने अपने काम से जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक ऐसा ही वीडियो आज लाखों लोगों की आंखें नम कर रहा है। जहां एक बुजुर्ग अम्मा डॉक्टर को पैसे नहीं, दुआ देना चाहती हैं और डॉक्टर कहता है, 'अम्मा, आपकी दुआ ही मेरी सबसे बड़ी फीस है।' वीडियो में एक बुजुर्ग महिला अपने बीमार पोते को लेकर डॉक्टर के पास पहुंचती हैं। इलाज के बाद अम्मा कांपते हाथों से कुछ छुट्टे नोट डॉक्टर की ओर बढ़ाती हैं, लेकिन डॉक्टर बड़े अदब और मोहब्बत से पैसे लेने से इनकार कर देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, 'अम्मा, आपके आशीर्वाद ही मेरे लिए काफी हैं।' ये सुनते ही बुजुर्ग महिला इमोशनल हो जाती हैं। उनकी आंखों में आंसू और चेहरे पर सुकून साफ दिखता है। वे डॉक्टर पर दुआओं की बारिश कर देती हैं और प्यार से उनका हाथ थाम लेती हैं।



**आवश्यकता**

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां( 2250068500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।-9953158238 (रायपुर /12/जन. 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6102



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाडी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6101 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6112

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर


आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

**अवेयरनेस**

प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।



**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।

**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx(एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।



**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. योगेश कुलकर्णी
हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।




**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगावानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।



## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेड़ू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड्स जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



**फिटनेस**

डॉ. माजिद अलीम

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर



कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।

## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से यही प्रक्रिया दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *



# द. अफ्रीका में गरजा वैभव का बल्ला, 63 गेंदों में जड़ा रिकॉर्ड तोड़ शतक




## अंडर-19 वनडे : सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली 127 रन की तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

14 साल 286 दिन की उम्र में बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। साउथ अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ यूथ वनडे मैच में कप्तानी करते हुए वैभव ने सिर्फ 63 गेंदों में शतक जड़कर नया रिकॉर्ड बना दिया। आईपीएल 2025 सीजन से सुर्खियों में रहने वाले वैभव का बल्ला पूरे साल गरजा है और उन्होंने लगभग हर सीरीज व टूर्नामेंट में शतक जमाया है।

अब वैभव ने अंडर-19 टीम इंडिया के लिए कप्तानी करते हुए साउथ अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ 63 गेंदों में यूथ वनडे क्रिकेट का बतौर कप्तान सबसे कम उम्र में शतक जड़ दिया। इसके साथ ही वैभव के नाम यह बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। इस सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे और उन्होंने 74 गेंदों में नौ चौकों और दस छक्कों की मदद से 127 रन की शानदार शतकीय पारी खेली।

### जॉर्ज ने खेली 118 रन की पारी

वैभव के अलावा सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने 106 गेंदों में 16 चौकों की मदद से 118 रन की पारी खेली। दोनों के बीच ओपनिंग में 25.4 ओवरों में 227 रन की शानदार साझेदारी हुई। इन दोनों बल्लेबाजों ने साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को जमकर खदेड़ा, जिसके चलते अंडर-19 टीम इंडिया ने 46 ओवरों में सात विकेट पर 354 रन बना लिए। सीरीज की बात करें तो अंडर-19 टीम इंडिया पहले ही 2-0 से आगे चल रही है और अब क्लीन स्वीप करना चाहेगी।



### वैभव छह अलग-अलग देशों में लगा चुके शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार एक के बाद अपने बल्ले से बेहतरीन पारियां खेल रहे हैं और सुर्खियां बटोर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे यूथ वनडे में उन्होंने 74 गेंद पर 127 रन बनाए। इसी के साथ वैभव ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर अपना पहला शतक लगाया। इससे पहले वैभव भारत समेत पांच अलग-अलग देशों में शतक लगा चुके थे। सूर्यवंशी ने अब भारत के अलावा पांच देशों में शतक लगाने का मुकाम हासिल कर लिया है। हाल ही में यूएई में अंडर 19 एशिया कप में बेहतरीन शतकीय पारी खेली थी और 171 रन यूएई के खिलाफ ही बनाए थे। उससे पहले एशिया कप राइजिंग स्टार्स में कतर की सरजमीं पर उनका बेहतरीन शतक यूएई के खिलाफ आया था। उन्होंने इंग्लैंड में जाकर इंग्लैंड अंडर 19 और ऑस्ट्रेलिया जाकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ भी शतकीय पारियां खेली थीं। अब भारत, यूएई, कतर, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद साउथ अफ्रीका में वैभव का शतक आया है।

### पिछली 10 पारियों में तीसरा शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछली 10 पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इसमें टी20 और लिस्ट ए दोनों के आंकड़े हैं। वैभव ने पिछले 10 मैचों की 10 पारियों में 688 रन बनाए हैं। 190, 171 और 127 रन की उन्होंने तीन शतकीय पारियां खेली हैं। वैभव ने भारत के घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था।

## खबर संक्षेप



### हार मेरे लिए निर्णायक मोड़ : नीतू घंघास

**ग्रेटर नोएडा।** पिछले साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिली अप्रत्याशित हार नीतू घंघास के लिए एक बड़ा झटका थी लेकिन इससे उनके कॅरियर की दिशा बदल गई और उन्होंने निकहत जरीन के वर्चस्व वाले 51 किलोग्राम भार वर्ग में खेलने का फैसला किया ताकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने का अपना सपना साकार कर सके। गैर ओलंपिक वर्ग 48 किलोग्राम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू को पिछले साल की महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी हुड्डा ने हराया था, जिन्होंने बाद में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने कहा, 'मीनाक्षी से हारना एक तरह से मेरे लिए अच्छा साबित हुआ। अगर मैं जीत जाती और मुझे स्वर्ण पदक मिल जाता तो मैं निश्चिंत हो जाती और फिर कभी 51 किलोग्राम वर्ग में नहीं आती। वह हार मेरे लिए एक निर्णायक मोड़ थी।

### धावक जॉनसन ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय एथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 1500 मीटर में तीन मिनट 44.72 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतना रहा। इन्हीं खेलों में उन्होंने 800 मीटर में रजत पदक भी जीता था।



### मुंबई इंडियंस ने भरी जीत की मानसिकता



**मुंबई।** हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग और उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने उनके भीतर जीत की मानसिकता भरी, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारतीय महिला टीम को वनडे विश्व कप जिताने में किया। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को दो खिताब दिला चुकी हरमनप्रीत ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने प्रतिस्पर्धा में अलग सोच के साथ उतरने में उनकी मदद की। उन्होंने कहा,' मेरा मानना है कि मैं जहां भी जाती हूं, जीत के बारे में ही सोचती हूं क्योंकि भागीदारी तो हम बरसों से कर रहे हैं। लेकिन जीत की सोच के साथ उतरने और उस दिशा में काम करने से बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। डब्ल्यूपीएल ने मेरे भीतर बहुत कुछ बदला है खासकर सोच बदली है।'

## एशेज अंतिम टेस्ट : इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बनाए 8 विकेट पर 302 रन

# बेथेल के 142 रनों से इंग्लैंड ने टाली पारी की हार, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जैकब बेथेल ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच पांचवें दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद भी कायम रखी। 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए क्योंकि मिशेल स्टार्क ने पांचवीं गेंद पर जैक क्रॉली (01) को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बनाए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।



### हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध इंग्लैंड

पिच से चौथे दिन ही स्पिनरों को मदद मिल रही है जो इंग्लैंड के लिए सकारात्मक संकेत है क्योंकि उसकी टीम में तीन स्पिनर हैं। बेथेल ने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन, जो रूट (06) के साथ 32, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन की साझेदारियां की। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन मैच जीत कर एशेज अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा लेकिन चौथे मैच में जीत दर्ज करने वाला इंग्लैंड श्रृंखला में हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यह उपलब्धि मेरे लिए खास : बेथेल

*बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह उपलब्धि मेरे लिए खास है। मेरा परिवार यहां आया हुआ है और ऐसे में शतक लगाना बेहद खास बन गया है।'' बेथेल ने एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (51 रन देकर तीन विकेट) ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अप्रत्याशित स्टार के रूप में उभरे। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के साथ नहीं उतरा है। ऐसे में वेबस्टर ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से बल्लेबाजों को गच्चा दिया। इससे इंग्लैंड का खेमा थोड़ा खुश होगा क्योंकि उसके पास स्पिन विकल्पों के रूप में बेथेल, विल जैक्स और रूट मौजूद हैं। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को देखते हुए 170 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होगा।*

### वेबस्टर ने लिए 3 गेंदों पर 2 विकेट

*वेबस्टर ने कहा, 'मुझे बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि चौथे दिन स्पिनरों को विकेट मिलेंगे। लेकिन हमारी टीम जीत हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।' वेबस्टर ने 52वें ओवर में तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। उन्होंने ब्रुक को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जैक्स (00) को भी पवेलियन भेजा। इससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 219 रन से पांच विकेट पर 219 रन हो गया। शाम के सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर जेमी स्मिथ रन आउट हो गए। उस समय बेथेल 123 रन पर थे और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 264 रन था, जब उसके चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर आए। वेबस्टर ने हालांकि स्टोक्स (01) को टर्निंग बॉल को कट करने के लिए ललचाया और स्टीव स्मिथ ने स्लिप में शानदार कैच लिया। स्कॉट बोलैंड ने ब्रायडन कार्स (16) को स्लिप में कैच आउट कराया।*

## टी20 विश्व कप

# न्यूजीलैंड स्क्वॉड का ऐलान सेंटनर को टीम की कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी स्पिनर ईश सोढ़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी का साल 2025 में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्हें भी टीम में जगह दी गई है। डफी ने पिछले साल तीनों फॉर्मेट मिलाकर 81 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजी में डफी के साथ लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी और एडम मिल्ने को जगह दी गई है। जिमी नीशम भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हैं।

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र टीम में गेंदबाजी और बल्लेबाजी को मजबूत करेंगे। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी टिम सीफर्ट को दी गई है। काइल जैमीसन रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से

न्यूजीलैंड को ग्रुप डी में अफगानिस्तान, कनाडा, साउथ अफ्रीका और यूएई के साथ रखा गया है। टीम का पहला मुकाबला 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। विश्व कप भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाना है।

### आधुनिक क्रिकेट की धड़कन भारत

न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर टी20 विश्व कप को लेकर उत्साहित हैं। वॉल्टर ने कहा,"विश्व कप खास होते हैं, और भारत आधुनिक क्रिकेट की धड़कन है और इससे बेहतर जगहें बहुत कम हैं।" उन्होंने कहा कि मेगा इवेंट के लिए चुनी गई टीम संतुलित है। हमारे पास बैटिंग में बहुत पावर और स्किल है, क्वालिटी बॉलर हैं जो हालात के हिसाब से ढल सकते हैं, साथ ही पांच ऑल-राउंडर हैं जो सभी कुछ अलग लाते हैं। यह एक अनुभवी ग्रुप है और खिलाड़ी सब-कॉन्टिनेंट में खेलने के लिए नए नहीं हैं, जो उनके लिए फायदेमंद होगा।

## यूनाइटेड कप

# कोको ने जीते एकल-युगल मैच, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| पर्थ

कोको गॉफ ने ग्रुप चरण के एक मैच में हार को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करके अपने एकल और युगल मैच जीते, जिससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने यूनान को 2-1 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई। टेलर फ्रिट्ज हालांकि पुरुष एकल में स्टेफानोस सिटसिपास से वह 6-4, 7-5 से हार गए। गॉफ ने इसके बाद क्रिश्चियन हैरिसन के साथ मिलकर मिश्रित युगल में सिटसिपास और सकारी को 4-6, 6-4, 10-8 से हराकर अमेरिका की सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी गॉफ को इससे पहले ग्रुप चरण की अपने आखिरी एकल मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वह विश्व में 42वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मानेरो से 6-1, 6-7 (3), 6-0 से हार गईं थी। लेकिन फ्रिट्ज ने अपना एकल मैच जीता तथा गॉफ और हैरिसन ने मिश्रित युगल में जीत हासिल करके अमेरिकी टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।




### पोलैंड ने बनाई 2-0 की बढ़त

सिडनी में खेले जा रहे मैचों में ह्यूबर्ट हुरकाज और इगा स्वियातेक ने अपने अपने एकल मैच जीतकर पोलैंड को नीदरलैंड पर 2-0 की बढ़त दिलाई और ग्रुप एफ से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। क्वार्टरफाइनल में पोलैंड का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होने की संभावना है।

## टी20 विश्व कप खेलेंगे शाहीन : सलमान आगा

***कराची।** पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने उम्मीद जताई है कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट से उबरकर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। अफरीदी पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अहम खिलाड़ी हैं तथा भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सलमान ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन अंतिम फैसला मेडिकल पैनल की सलाह पर (पाकिस्तान क्रिकेट) बोर्ड करेगा।' अफरीदी अभी लाहौर के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेडिकल पैनल की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के एक मैच में फील्डिंग करते समय शाहीन के घुटने में चोट लग गई थी। इसके बाद पीसीबी ने उन्हें रिहैबिलिटेशन के लिए वापस बुला लिया था। सलमान ने यह भी कहा कि पाकिस्तान विश्व कप के लिए संतुलित और मजबूत टीम तैयार करने में कामयाब रहा है और श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला से उनके खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुकूल होने में मदद मिलेगी।*

# एसए20: एमआई केपटाउन ने जोबर्ग सुपर किंग्स को चार विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और जोबर्ग सुपरकिंग्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें एमआई केपटाउन ने 4 विकेट से जीत हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच 20 ओवर की जगह 12 ओवर का खेला गया। टॉस एमआई केपटाउन ने जीता था और गेंदबाजी का फैसला लिया था।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी जोबर्ग सुपरकिंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 21 गेंद पर 44, मैथ्यू डिविलियर्स के 15 गेंद पर 21, जेम्स विंस के 15 और शुभम रंजने के 12 रन की मदद से 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। एमआई के लिए कॉर्बिन बोश ने 3 ओवर में 24 रन देकर 3, कप्तान राशिद खान ने 3 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और जॉर्ज लिंडे को 1-1 विकेट मिले। एमआई केपटाउन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। रासी वानडर डुसेन ने 24 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 35, निकोलस पूरन ने 15 गेंद पर 5 छक्के लगाते हुए 33 और जेसन स्मिथ ने 7 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 22 रन बनाकर एमआई की जीत में अहम भूमिका निभाई।



### प्लेयर ऑफ द मैच रहे पूरन

जोबर्ग के लिए नांद्रे बर्गर ने 2, अकील हुसैन, रिचर्ड ग्लिसन और वियान मुल्डर ने 1-1 विकेट लिए। निकोलस पूरन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस जीत के साथ एमआई केपटाउन ने अपनी लगातार हार का सिलसिला तोड़ा है। एमआई की सीजन के छठे मैच में यह पहली जीत है। टीम को 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का परिणाम नहीं आया है।

## मलेशिया ओपनः सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीत से की शुरुआत

# सिंधू की जोरदार वापसी, 51 मिनट में युन को हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

चोटिल होने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने नए सत्र की जीत से शुरुआत करते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में अगले दौर में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थी। उन्होंने वापसी पर अच्छा खेल दिखाया तथा 51 मिनट तक चले महिला एकल के मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।




### कपिला और क्रास्टो की जोड़ी बाहर

ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से 15-21, 21-18, 15-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की फेब्रिआना द्विपुजी कुसुमा और मेइलिसा ट्रायस पुष्पितासारी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 66 मिनट के मुकाबले में 9-21 23-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने दिखाया सहज खेल

विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने सहज खेल दिखाया और सुंग को दूसरी बार हराकर उनके खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला विश्व में नौवें नंबर की जापानी खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से होगा। मियाजाकी जब 21-19, 1-2 से आगे चल रही थी, तब दक्षिण कोरिया की उनकी प्रतिद्वंदी सिम यू जिन चोटिल होने के कारण मुकाबले से हट गई थी, जिससे जापान की खिलाड़ी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही। सिंधू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले गेम में 6-2 की बढ़त हासिल कर ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें पहला गेम अपने नाम करने में कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन दूसरे गेम में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में सिंधू एक समय 4-11 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने इसके बाद अच्छी वापसी की और स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया।




### एनएसए की कारवाई निरस्त कर हाईकोर्ट ने शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

### क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे याचिकाकर्ता, कलेक्टर ने बिना किसी जांच-परख के लगा दिया रासुका

# गांधारी की तरह आंखों पर पट्टी बांधकर काम कर रहे कलेक्टर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने प्रशासनिक लापरवाही और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के दुरुपयोग के एक बेहद चौंकाने वाले मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसे उन्हें अपने निजी वेतन से जमा करना होगा। जसाथ ही याचिकाकर्ता पर की गई एनएसए की कारवाई निरस्त कर दी। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कलेक्टर की कार्यप्रणाली की तुलना महाभारत की गांधारी से करते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे कलेक्टर आंखों पर पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं।कोर्ट ने कलेक्टर को अवमानना का नोटिस भी जारी किया ।



,मामला शहडोल जिले की ब्यौहारी तहसील के बुढ़वा गांव के निवासी सुशांत सिंह बैस का है । वे खेती और मटेरियल सप्लाई का काम करते हैं। वे अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उन्होंने स्थानीय स्तर पर आंदोलन किए और कई शिकायतें दर्ज कराईं। उनकी सक्रियता रेत माफिया को खटकने लगी, जिसके बाद साजिश के तहत उनके खिलाफ चोरी और मारपीट के फर्जी मामले दर्ज कराए गए। हद तो तब हो गई जब शहडोल पुलिस प्रशासन के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने बिना किसी जांच-परख के उन पर रासुका जैसी गंभीर धारा लगा दी। इस आदेश के बाद सुशांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सुशांत के पिता हीरामणि बैस ने हाईकोर्ट में इस गिरफ्तारी को चुनौती दी। मामले की सुनवाई के दौरान जो तथ्य सामने आए, उन्होंने कोर्ट को हैरान कर दिया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्वीकार किया कि कलेक्ट्रेट के बाबू ने 'टाइपिंग की गलती' की थी। दरअसल एनएसए की कार्रवाई नीरज कांत द्विवेदी नाम के किसी अन्य अपराधी पर होनी थी, लेकिन बाबू ने गलती से सुशांत बैस का नाम लिख दिया। एडवोकेट ब्रह्मेन्द्र पाठक ने कोर्ट में दलील दी कि कलेक्टर ने न तो स्वतंत्र गवाहों के बयान लिए और न ही फाइल का उचित अध्ययन किया। कोर्ट ने इसे बुद्धि का प्रयोग न करना करार देते हुए कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी का ऐसा व्यवहार किसी निजी कंपनी के कर्मचारी जैसा प्रतीत होता है, जो बस दबाव में काम कर रहा है।

हालांकि सुनवाई पूरी होने तक सुशांत एक साल से ज्यादा का वक्त जेल में गुजार चुके थे, लेकिन कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सजा पूरी होने का मतलब यह नहीं कि आरोप सही थे। हाईकोर्ट ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि कैसे एक टाइपिंग एरर की वजह से किसी निर्दोष की स्वतंत्रता छीन ली गई। कोर्ट ने कहा कि कि कलेक्टर 30 दिनों के भीतर 2 लाख रुपये जुर्माना अपनी निजी जेब से भरें। यह राशि पीड़ित सुशांत सिंह बैस के खाते में मुआवजे के तौर पर जमा की जाए।

हाईकोर्ट ने पूछा

### अपात्र नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों को पात्र कॉलेजों में शिफ्ट करने के बारे में क्या कारवाई की

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज मान्यता फर्जीवाड़े के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए कॉलेजों के छात्रों के भविष्य का मामला उठाया गया। कोर्ट को बताया गया कि पूर्व में नर्सिंग काउंसिल को कहा गया था कि अपात्र कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को पात्र कॉलेजों में शिफ्ट किया जाए। इस पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने नर्सिंग काउंसिल से पूछा कि इस संबंध में अभी तक क्या कार्रवाई की। कोर्ट ने 12 फरवरी तक काउंसिल को हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए। प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं के मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल ने जनहित याचिका दायर की थी। मामले पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई जांच में अनसूटेबल पाए गए सैकड़ों संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य को लेकर संकट उत्पन्न हुआ था। इस मामले में हाईकोर्ट ने 28 मार्च 2025 तथा 21 अगस्त 2025 को आदेश दिए थे कि इन कॉलेजों के हजारों छात्रों को जांच में पात्र पाए गए कॉलेजों में शिफ्ट किया जाए। दलील दी गई कि इस आदेश का पालन जान बूझकर नहीं किया जा रहा है। बहुत से छात्र आज भी उन्ही अपात्र कॉलेजों में अध्यनरत हैं जिनके पास ना संसाधन हैं ना ही फैकल्टी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल अनसूटेबल संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों की शिफ्टिंग को लेकर की गई कार्यवाही तथा पूर्व आदेश के पालन में उठाए गए कदमों की जानकारी शपथ पत्र पर पेश करने के निर्देश दिए।

जालसाज ने महिला के मोबाइल पर एपीके फाईल भेजकर की धोखाधड़ी

### विद्युत बिल के नाम पर झांसा देकर 1 लाख की ठगी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत राजुल सिटी फेस 3 बिलहरी में विद्युत कंपनी के नाम पर फोन कर बिल शो नहीं होने का झांसा देकर जालसाज ने एक महिला के खाते से 1 लाख रुपए उड़ा लिए।

गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजुल सिटी फेस 3 बिलहरी गोराबजार निवासी 48 वर्षीय सुनीता कश्यप के मोबाइल पर 19 दिसंबर 2025 को सुबह लगभग 9.30 बजे अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया, जिसमें उक्त व्यक्ति ने कहा कि वह एमपीईबी शक्ति भवन से बोल रहा आपका बिल अपलोड नहीं है आनलाईन शो नहीं हो रहा है कहते हुये बोला प्रोसेस बताता हूँ, आपका बिल शो होने लगेगा, जिसने व्हाटसएप पर एक एपीके फाईल भेजी एवं डाउनलोड करने के लिये कहा, उसने क्लिक करके डाउनलोड कर लिया, उक्त व्यक्ति ने कहा कि फोनपे पर जाकर देखो आपका बिल शो होने लगेगा, उसने फोनपे पर चैक किया उसका फोनपे हेक हो गया फिर उसने अपने पति कैलाश कुमार कश्यप के साथ एमपीईबी जाकर पता किया तो उन्होंने बताया कि आपका कोई बिल बकाया नहीं है। उक्त नम्बर फ्राड है बाद में मोबाइल चालू हुआ तो उसके एकाउण्ट से 1 लाख रूपये की राशि निकल गयी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुरुष उम्मीदवारों की याचिका का हुआ निराकरण, पहले 100 प्रतिशत पद महिलाओ के कर दिए थे आरक्षित, अब शर्त हटाई, अब 13 जनवरी तक पुरुष उम्मीदवार कर सकेंगे आवेदन

### नर्सिंग कॉलेजों में भर्ती में पुरुषों को भर्ती का रास्ता साफ, ईसबी ने संशोधित विज्ञापन जारी किया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद नर्सिंग कॉलेजों में विभिन्न फैकल्टीज की भर्ती में अब पुरुष उम्मीदवारों को उनका अधिकार मिला है। कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने कोर्ट को बताया कि संशोधित विज्ञापन जारी कर पुरुष उम्मीदवारों से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। महिलाओं के लिए सौ फीसदी आरक्षण वाली शर्त हटा दी ग़ई है ।इसके अलावा आवेदन करने की अंतम तिथि 7 जनवरी से बढ़ाकर 13 जनवरी कर दी। ईएसबी के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिका का निराकरण कर दिया।

जबलपुर निवासी नौशाद अली सहित कई पुरुष उम्मीदवारों की ओर से याचिका दायर कर महिलाओं को शत प्रतिशत आरक्षण देने को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता की



ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर महिलाओ को 100 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-1 सब ग्रुप-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के विज्ञापन में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर सहित ट्यूटर के कुल 286 पदों पर महिला उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 28 असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर के पद भरे जाने हैं। इनमें पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। इसमें भर्ती नियम तथा इंडियन नेशनल काउंसिल के सभी मापदंड का उल्लंघन किया गया है। दलील दी गई कि लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग के द्वारा की जा रही भर्ती में संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 तथा भर्ती के नियमों की अनदेखी की जा रही है। यह भी कहा गया कि सरकार की ये भर्ती प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले के 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन भी है। 7 जनवरी को अंतिम तिथि उक्त पदों के लिए 16 दिसंबर को विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए 24 दिसंबर से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

### शराब के लिए रुपए न देने पर प्राणघातक हमला करने वालों को 6 साल की सजा

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सुधांशु सिन्हा की अदालत ने शराब पीने के लिए रूपये न देने पर प्राणघातक हमला करने के आरोपियों जबलपुर व सिहोरा निवासी हनी यादव व भूरा अंसारी का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने दोनों को छह-छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही चार-चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ओमप्रकाश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी रितिक यादव से आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। मना करने पर उस पर दोनों ने धारदार हथियार चाकू से हमला कर दिया गया। इस वजह से रितिक बुरी तरह घायल हो गया। यदि समय पर अस्पताल न ले जाते तो जान जा सकती थी। अदालत ने तर्क सुनने के बाद मामला गंभीर पाकर सजा सुना दी।

3 आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

### कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन में बिचौलियों पर एफआईआर

हरिभूमि जबलपुर।

धान उपार्जन में अनियमितताओं को रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर बरती जा रही सख्ती के दौरान मंगलवार की देर रात खाद्य विभाग ने अंधमूख बाइपास के पास धान का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहन जब्त किए है। इस मामलें में खाद्य विभाग की ओर से गढ़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक कुंजन सिंह राजपूत की लिखित शिकायत पर पुलिस ने ट्रेक्टर मालिक दीवान सिंह पटेल, ट्रेक्टर चालक दुर्गेश दुबे, ग्राम बहरिया निवासी कपिल पटेल के खिलाफ आवश्यक धारा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार की देर रात की गई कार्यवाही में जिला



आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र एवं कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक कुंजन सिंह राजपूत ने अंध मूक बायपास के समीप महिंद्रा कम्पनी के लाल रंग के बिना पंजीयन नम्बर के एक ट्रेक्टर को दो ट्रालियों से धान का परिवहन करते हुये पकड़ा गया। ट्रेक्टर ट्रालियों में 380 बोरियों में लगभग 150 क्विंटल धान लोड की गई थी। पूछताछ करने पर ट्रेक्टर चालक दुर्गेश दुबे ने बताया कि धान को बेचने के लिये सहजपुर स्थित खरीदी केन्द्र ले जाया जा रहा है। ट्रेक्टर मालिक दीवान सिंह पटेल को भी मौके पर बुलाया गया और दस्तावेजों की भी जांच की गई।

जांच में पाया गया कि ट्रेक्टर मालिक दीवान सिंह पटेल नरसिंहपुर जिले का निवासी है। जबकि, ट्रालियों में रखी धान जबलपुर जिले के ग्राम बहरिया में कपिल पटेल के घर से लोड की गई थी और इसे शहपुरा तहसील के ग्राम नीची के किसान राहुल पटेल के नाम पर स्लॉट बुक कर बेचने के लिये सहजपुर खरीदी केंद्र ले जाया जा रहा था। इस मामलें में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत द्वारा गढ़ा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। जब्त की गई धान और वाहन भी गढ़ा पुलिस के सुपुर्द किया गया।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कहा

### प्रदेश भर में 2524 गौशाला कर रही 4 लाख 75 हजार गोवंश की देखभाल

**जबलपुर।** प्रदेश के शहरों की सड़कों पर निराश्रित भटकने वाले मवेशियों व गोवंश के संरक्षण के मामले में राज्य सरकार की ओर से बुधवार को हाईकोर्ट में विस्तृत जवाब पेश किया गया। जवाब में बताया गया कि वर्तमान में प्रदेश भर में 2524 गौशालाओं के माध्यम से 4 लाख 75 हजार से अधिक गोवंश की देखभाल की जा रही है। इसके अलावा, गोवंश की उन गायों/भैंसों के संबंध में, जो शुष्क पशु हैं और जिनकी देखभाल कोई स्वामी नहीं करता है, उनके लिए राज्य सरकार ने एक योजना शुरू की है। इस योजना का नाम है स्वालंबी गौशाला (गोकुलधाम की स्थापना) नीति 2025। इसके तहत जिसके तहत 125 एकड़ भूमि में कम से कम 5000 ऐसे पशुओं के लिए व्यवस्थाएं की जाएंगी। गौ संवर्धन बोर्ड भोपाल के उप निदेशक ने इस संबंध में एक दिसंबर 2025 को पशु चिकित्सा विभाग भोपाल के निदेशक को पत्र लिखा है। उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने कोर्ट को बताया कि नीति पर काम भी शुरू कर दिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए उसकी एक कॉपी कोर्ट मित्र को देने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 4 फरवरी को होगी। गौरतलब है 'क हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि प्रदेश के शहरों की सड़कों पर निराश्रित भटकने वाले मवेशियों व गोवंश के संरक्षण तथा गोशालाओं की स्थापना के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कामधेनु गोरक्षा राष्ट्रीय दल के गोरखपुर, जबलपुर निवासी बृजेंद्र लक्ष्मी यादव की ओर से जनहित याचिका दायर कर कहा गया था कि उन्होंने तेंदूखेड़ा से दमोह के बीच में करीब दो हजार गोवंश के पशुओं का झुंड देखा, जिसे कुछ लोग हांक कर ले जा रहे थे। पूछने पर जानकारी मिली कि ग्वालियर जिले के श्योपुर से इन पशुओं को बालाघाट के व्यापार मेले में बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि जिस तरीके से श्योपुर से लगातार इतने बड़े झुंड में पैदल चलाते हुए इन पशुओं को ले जाया गया, वह पशु क्रूरता अधिनियम व गोवंश प्रतिषेध अधिनियमों के खिलाफ व अमानवीय है। इन पशुओं में से कई बीमार, घायल भी थे। पशु क्रूरता अधिनियम का हवाला देते हुए उन्होंने तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसी तरह हेड पोस्ट आफिस के समीप साउथ सिविल लाइंस निवासी युवती पूर्णिमा शर्मा ने 2019 को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखा था। इसमें कहा गया कि विभिन्न हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने आवारा पशुओं को सडकों पर विचरण करने से रोकने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते इन मूक पशुओं पर स्थानीय निकाय के कर्मी क्रूरता करते हैं। कांजी हाउस, गोशालाओं मे किसी तरह की सुविधाएं नहीं हैं। यहां रखे गए मवेशियों की दशा अत्यंत दयनीय है। नगर निगम जबलपुर ने तिलवारा में गोसेवा केंद्र स्थापित किया है। लेकिन यहां भी लगभग एक हजार मवेशी हैं। इनके लिए यह जगह बहुत ही छोटी है। कांजी हाउस, गोशाला के मवेशियों के खाने, पीने, इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। रोजाना तिलवारा के गौसेवा केंद्र में पांच-दस मवेशी असमय काल के गाल में समा रहे हैं। निगम में इनके लिए डाक्टर तक नहीं हैं।

### 402 ग्राम गांजा समेत तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर देवताल तालाब के समीप दबिश देकर पिट्ठू बैग टांगे एक संदिग्ध को धर दबोचा बैग की तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 402 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत दस हजार रूपए बतायी गई है। आरोपी के कब्जे से उक्त गांजा जब्त कर उसे 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभिरक्षा में लिया गया है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसंन्न कुमार शर्मा ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली की देवताल तालाब के समीप एक युवक पिटटू बैग टांगे खड़ा जिसमें पिस्टल रखी हुई है। पुलिस ने मुखबिर के बताये अनुसार दबिश दी थी उक्त हुलिया का युवक देवताल के समीप खड़ा मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम बारहा पिण्डरई बरेला निवासी सौरभ रजक बताया। आरोपी के बैग की तलाशी के दौरान गांजा मिला है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उक्त गांजा वह सिहोरा बाजार लेकर आया है जिसे वह पुडिया बनाकर बेचता है।

आधुनिक मशीनों से मुख्य मार्गों और फ्लाईओवर की धुलाई

### वायु की शुद्धता के लिए नगर निगम एक्शन में



**जबलपुर।** शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने नगर निगम ने व्यापक स्तर पर अभियान छेड़ दिया है। आधुनिक मशीनों और तकनीकी संसाधनों के माध्यम से शहर की सड़कों, फ्लाईओवरों और प्रमुख मार्गों पर लगातार सफाई व धूल नियंत्रण की कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में शामिल धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए वाटर स्प्रिंकलिंग मशीनों को नियमित रूप से सड़कों पर उतारा गया है। खासतौर पर व्यस्त मार्गों और फ्लाईओवरों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे वाहनों की आवाजाही के दौरान उड़ने वाली धूल पर प्रभावी अंकुश लग रहा है।

#### सफाई मित्र बने मजबूत कड़ी

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के संकल्प में 'सफाई मित्र' अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छता के मानकों को और बेहतर बनाने के लिए सफाई कर्मी संकरी नालियों और दुर्गम स्थानों में भी उतरकर सफाई कर रहे हैं ।

#### सुरक्षा और सम्मान पर विशेष ध्यान

नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई मित्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उनके श्रम के सम्मान में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। निगम का मानना है कि सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ेगा तो स्वच्छता अभियान और अधिक प्रभावी होगा।

एम.पी. ट्रांसको की डिजिटल पहल

### अब किसी भी बैंक से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स को ऑनलाइन पेंशन स्लिप

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने अपने लगभग 4500 पेंशनर्स के लिए एक नई डिजिटल सुविधा शुरू की है। अब पेंशनर्स चाहे किसी भी बैंक से पेंशन लेते हों, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर ऑनलाइन पेंशन स्लिप प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि यह सुविधा पहले केवल यूनियन बैंक के पेंशनर्स के लिए थी, अब भारतीय स्टेट बैंक समेत अन्य बैंक के पेंशनर्स भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस पहल को विकसित करने में आईटी सेल के श्री शाबू मैथ्यू कुरुबिल्ला और पेंशन विभाग के श्री मल्हार बेहरा ने विशेष योगदान दिया। पेंशनर्स को अपनी पेंशन स्लिप प्राप्त करने के लिए पेंशन पोर्टल में "पेंशन स्लिप प्राप्त करें" विकल्प पर क्लिक कर, **PPO** नंबर, बैंक खाता संख्या और माह दर्ज करना होगा। वर्तमान में दिसंबर 2025 की स्लिप उपलब्ध हैं, शीघ्र ही 2025 से पूर्व अवधि की स्लिप भी उपलब्ध कराई जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240